प्रकाशक—
श्रीविश्वदेव मुखोपाध्याय एम, ए
६६।१ एफ, कार्नवालिस स्ट्रीट, श्यामबाजार,
कलकत्ता—४

मुद्रक—
श्रीअनङ्गकुमार मुखोपाध्याय
चलन्तिका प्रेस
२, रानी देवेन्द्रवाला रोड, पाइकपाड़
कलकत्ता—२

भूमिका

इस कोशमें विशेष रूपसे ठेठ बंगलाके शब्दोंकी ही व्याख्या दी गयी है। आधुनिक बंगला साहित्यमें कथित भाषाके जो संक्षिप्त रूप प्रचलित हो रहे हैं, वे भी साथ-साथ दिखा दिये गये हैं। बंगलामें प्रचलित हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी, अंग्रेजी आदि भाषाओंके अनेक शब्द तथा कुछ संस्कृत, तत्सम, तद्भव, अपभ्रष्ट शब्द और विज्ञान, पुराण, दर्शन, आयुर्वेद ज्योतिष, छन्दशास्त्र, अलंकार, इतिहास, भूगोल आदिके भी अनेक शब्द इसमें सम्मिलित कर दिये गये हैं। हिन्दी और बंगला दोनों भाषाओंमें प्रचलित एक ही अर्थवाले संस्कृत शब्द प्रायः छोड़ दिये गये हैं।

वर्णानुक्रम

निम्नलिखित वर्ण-क्रमसे मूल बंगला शब्द सजाये गये हैं :—

অ আ ই ঈ উ ঊ ঋ এ ঐ ও ঔ ং ঃ অ্যা ক খ গ ঘ ঙ চ ছ জ ঝ ঞ ট ঠ ড ঢ ণ ত থ দ ধ ন প ফ ব ভ ম য র ল শ ষ স হ।

स्वरवर्ण समाप्त होनेके बाद (ং) अनुस्वार और (ঃ) विसर्ग युक्त शब्द दिये गये हैं; जैसे—নিউমোনিয়া के बाद নিংড়ান, নিঃ ; কাওয়ালী के बाद কাংস।

অ্যা एक स्वतन्त्र स्वर है। অ समाप्त होनेके बाद इसे स्थान दिया गया है; जैसे—অহোরাত্র के बाद অ্যাঁ। अन्य अक्षरोंमें स्वरवर्ण समाप्त होनेके बाद इसका स्थान है; जैसे—মৌসুম के बाद ম্যাও, ভোঁস ভোঁস के बाद ভ্যা, কৌশেয় के बाद ক্যাঁক।

चंद्रविन्दु-रहित अक्षरके बाद उसी अक्षरका चंद्रविन्दु-युक्त शब्द दिया गया है; जैसे—কাটা, কাঁটা ; কাটারি, কাঁটাল ; পো, পোঁ।

वर्गीय और अन्तस्थ दोनों ব के शब्द एक ही साथ वर्गीय ब के स्थानमें मिलित अकारादि-क्रमसे दिये गये हैं। ব यदि दूसरे व्यंजनके आगे युक्त होकर वर्गीय ब की तरह उच्चारित होता हो तो उसका स्थान প ফ के बाद ही रखा गया है, जैसे—কম্ফর্টার के बाद কম্বল, সম্প্রীতি के बाद সম্বন্ধ; परन्तु यदि वह उस व्यंजनका केवल दुगुना उच्चारण मात्र कराता हो तो उस ব का स्थान ল के बाद ही रखा गया है, जैसे—অশ্লেষা के बाद অশ্ব, পল্লী के बाद পল্লব।

वर्ण-विन्यास

ক খ গ ঘ के पूर्व (ং) अनुस्वार हो तो उसके स्थानमें विकल्पसे ঙ্ होता है; जैसे—অহংকার অহঙ্কার, সংখ্যা সঙ্খ্যা, সংগীত সঙ্গীত, সংঘ সঙ্ঘ; अनुस्वारके आगे চ ছ জ ঝ रहनेसे उसके स्थानमें ঞ্, ট ঠ ড ঢ रहनेसे ণ্, ত থ দ ধ ন रहनेसे न् और প ফ ব ভ ম रहनेसे म् होता है (अनुस्वार नहीं रहता); जैसे—পঞ্চ, পাঞ্জাব, ঘণ্টা, খণ্ড, সন্ত, নন্দ, সন্নিবিষ্ট; কম্প, আরম্ভ, সম্মিলন। য র ল (अन्तस्थ) ব শ ষ স হ के पूर्व अनुस्वार ही रहता है; जैसे—সংযম, সংবাদ, অংশ, মাংস, বৃংহণ।

গাড়ি, ঘটি, ঘড়ি, মুড়ি आदिकी तरह আবকারি, জমিদারি, ঝকমারি, দোকানদারি, পায়চারি, পাগলামি आदि संज्ञा-शब्दों को इस कोशमें ह्रस्व इ-कारान्त तथा অন্তর্মুখী, বহুভাষী, ভাগ্যশালী, রেশমী आदिकी तरह আবকারী, জমিদারী, দরকারী, দোকানদারী आदि विशेषण शब्दोंको दीर्घ ई-कारान्त रखा गया है। परन्तु अनेक लेखक इस नियमको नहीं मानते। कुछ पुस्तकोंमें इसकी उलटी रीति भी दिखाई पड़ेगी। वहाँ वह शब्द संज्ञा हो तो इस कोशसे संज्ञाका अर्थ और विशेषण हो तो विशेषणका अर्थ ही ले लेना चाहिये।

চাষী, তাঁতী, তেলী, দরজী, পূজারী, মালী आदि पेशा-सूचक संज्ञा-शब्दोंमें दीर्घ ई-कार ही अधिक प्रचलित है।

অধিকারী (-রিন্), গৃহী (-হিন্), ব্যবসায়ী (-য়িন্), হস্তী (-স্তিন্) आदि इन् भागान्त संस्कृत संज्ञा-शब्दोंके कर्ताके रूप दीर्घ ई-कारान्त हैं, परन्तु आगे कोई स्त्रीलिंगका प्रत्यय या संस्कृत विभक्ति, शब्द अथवा अक्षर युक्त हो तो इन् के अन्तिम न् का लोप हो जाता है; इस कारण अन्तमें ह्रस्व इ-कार ही रह जाता है; जैसे—অধিকারিণী, গৃহিণী, হস্তিনী; ব্যবসায়িবর্গ, হস্তিচিকিৎসা, হস্তিপ।

ठेठ बंगला शब्दोंमें इ-कार, उ-कार का प्राय ख्याल नहीं किया जाता; जैसे—একটি (-টী), জমি (-মী), বাড়ি (-ড়ী), দাঁড়ি (-ড়ী); ধুতি (ধূ-), তুলা (তূ-), মকুফ (-কূ-), উঠ (ওঠ), উপর (ওপোর), পিছন (পেছোন), পিতল (পেতোল), ভিতর (ভেতোর)।

কশ, কষা, কসা; কলপ, কলম, কলশি, কলসী; কাঙাল, কাঙ্গাল, কাঙালী, কাঙ্গালী, কাঙলা, ক্যাংলা; কখন, কখনো, কখনও, কাহার, কাহারো, কারও, কারো—इस प्रकार एक ही शब्दके प्रचलित विभिन्न वर्ण-विन्यास एक ही स्थानमें दिखा दिये गये हैं। लोग শিস को শিষ, শিষ को শিস, তখনো को তখনও आदि भी लिखते हैं।

अधिकांश रेफाक्रान्त वर्ण दुगुना लिखा जाता था, जैसे—আর্দ্র, কর্ম্ম, ধর্ম্ম, কার্য্য। परन्तु आधुनिक रीति एक वर्ण लिखनेकी है; जैसे—পূর্ত, মর্ম, মূর্খ, নির্মম। इस कोशमें दोनों प्रकारके रूप हैं।

अकार और आकार युक्त कुछ शब्दोंको कुछ अति आधुनिक लोग प्रायः ओकार युक्त करके बोलते और लिखते हैं, जैसे—নতুন (নোতুন), কলিকাতা (কোলকাতা), ঘড়া (ঘোড়া), রবিবার (রোববার), ছুতা (ছুতো), সূতা (সুতো), কুয়া (কুয়ো) आदि।

কোটো (কৌটা), চাট্টি (চারটি, অল্প কিছু), রাক্কুসী (রাক্ষসী), বদ্যি (বৈদ্য), লতুন (নতুন), ডিডি (দিদি), ট্যামাক (দেমাক), ব্যাভার (ব্যবহার), রোদ্দুর (রৌদ্র), কদ্দূর (কত দূর), নিত্যি (রোজ), ঢ্যাঁড়স (ঢেঁড়স), সাব (সাহেব), ধুত্তোর (ধুৎ তোর, घत तेरी), গেরাম (গ্রাম), পিদ্দিম (প্রদীপ), কুচ্ছো (কুৎসা), কেত্তোন (কীর্তন), ছেদ্দা (শ্রদ্ধা), পুষ্যিপুত্তুর (পোষ্যপুত্র), পিত্তি (পিত্ত), চিন (চিহ্ন), জিজ্ঞেস (জিজ্ঞাসা), ত্যাল (তেল), চক্কোত্তি (চক্রবর্তী), ঢ্যাং (ঢ্যাঙা), খোদ (খুদ), বুইলেন (বুঝিলেন), গেসল (গিয়াছিল) आदि बहुतसे शब्द कुछ प्रचलित होने पर भी अभी कोशमें स्थान पाने योग्य नहीं हैं।

रीति

बंगलाके हर एक मूल शब्दके आगे सं (संज्ञा), वि (विशेषण) आदि व्याकरणका पद-परिचय है। जिस शब्दके उच्चारणमें विशेषता है उसका उच्चारण नागरी लिपिमें कोष्ठकके भीतर मूल शब्दके बाद ही है। पद-परिचयके आगे (—) डैश देकर व्याख्या दी गयी है। व्याख्यामें कहीं कहीं कोष्ठकके भीतर विशेष विशेष प्रयोग तथा समास-युक्त पद भी हैं। ऐसे स्थलोंमें मूल शब्द बार बार न लिखकर उसके स्थानमें (—) डैश दिया गया है; जैसे—गन्ध शब्दमें (—পাওয়া, —ছাড়া, —শোঁকা), (নাম—) यहाँ गन्ध পাওয়া, गन्ध ছাড়া, গন্ধ শোঁকা; नामगन्ध ऐसा समझना चाहिये। यदि व्याख्या समाप्त होने पर (।) पाईके बाद (—) डैश देकर नया शब्द लिखा हो तो वहाँ भी उस डैशके स्थानमें मूल शब्द ही पढ़ना चाहिये, जैसे—उसी गन्ध शब्दमें—গোকুল, —বহ, —বণিক, —বিরজা, —রাজ। इस प्रकारके समास-युक्त पदके आगे यदि कोष्ठकके भीतर डैश मिले तो वहाँ वह समास-युक्त पद ही पढ़ना चाहिये, (केवल मूल शब्द नहीं); जैसे—বড় शब्दमें —কথা (ছোট মুখে—) यहाँ ছোটমুখে বড় কথা समझना होगा।

एक शब्दके भीतर यदि समासयुक्त सारे शब्द न मिले तो नीचे नया शब्द देखना चाहिये, जैसे—দো शब्दके भीतर দোমনা, দোশাল্লা आदि हैं; परन्तु দোচালা, দোহার आदि पृथक दिखाये गये हैं।

मूल शब्दके आगे कहीं कहीं उसके दूसरे रूप कोष्ठकमें (-) इस प्रकार समासचिह्न (हाइफेन) और कहीं कहीं (—) डैशके साथ संक्षेपमें दिये गये हैं; जैसे—বাটলুই, (-নুই, -লে); নড়নড়, (—বড়)। यहाँ (বাটনুই, বাটলে), (নড়বড়) पढ़ना होगा। कहीं कहीं कोष्ठक न देकर भी दूसरा रूप लिखा गया है; जैसे—পূজা, পূজো; গুণধাম, গুণনিধি।

एकार्थक होनेपर मूल शब्दके आगे = इस प्रकार समान-चिह्न देकर दूसरा शब्द लिखा गया है; जैसे, অকর্মক = চকমক, শটকে = শতকিয়া।

एक शब्दके क्रिया, संज्ञा, विशेषण आदि एकाधिक पद-परिचय हों तो प्रायः एककी व्याख्याके बाद (।) पाई देकर दूसरेकी व्याख्या दी गयी है; जैसे— ধরা क्रि, वि, सं; गुरु सं, वि आदि; कहीं कहीं ऐसे शब्दोंकी एकाधिक बार नये शब्द रूपसे भी व्याख्या की गयी है; जैसे—চট, মত, বেলা, দাগা आदि।

किसी किसी शब्दका अगला आधा अंश कोष्ठकमें दिया गया है, जैसे—অধি (করণ), অন (ঘ), অহ্ (কম্পা) आदि। उसका आशय यह है कि, उन शब्दोंकी व्याख्याके भीतर जो (—) डैश देकर दूसरे शब्द लिखे गये हैं वहाँ उस (—) डैशके स्थानमें कोष्ठकके बाहर वाला प्रथमांश ही पढ़ना होगा, जैसे অধিকরণ, অধিষ্ঠাত্রী; অনঘ, অনশ্বর, অনুকরণীয়, অনুষ্ঠান।

एक मूल शब्दसे अनेक शब्द उत्पन्न होते हैं। उनकी व्याख्या प्रायः उस मूल शब्दके

भीतर ही दी गयी है, जैसे—পূজা शब्दके भीतर পূজক, পূজন, পূজার্হ, পূজারী; বর্ধন शब्दके भीतर বর্ধক, বর্ধমান, বর্ধিত, বর্ধিষ্ণু आदि।

क्रियाके केवल मूल कृदन्त रूप (जो क्रियार्थक संज्ञा और विशेषण भी हैं) इस कोशमें हैं। परन्तु बंगलाकी पुस्तकोंमें एक एक क्रियाके अनेक रूप मिलेंगे। उनका मूल रूप खोज निकाल लेना आवश्यक है। जैसे—করেন, করছে, করিতেছিল, করচে आदिका मूल रूप করা; হচ্ছে, হউন, হ'বে, হোলে आदिका मूल रूप হওয়া; দাও, দিও, দেবে, দিচ্ছিল आदिका मूल रूप দেওয়া है। कोशमें इस मूल रूपके सामने कोष्ठकके भीतर (क्रि परि ..) में जो संख्या नागरी लिपिमें लिखी है, परि (शिष्ट) में उस संख्या पर जिस क्रियाके रूप मिले उससे काल आदि मिलाकर उसी परिशिष्टकी पहली क्रिया করা के काल आदिसे मिलान करने पर उस क्रियापदका अर्थ या उच्चारण जाना जा सकता है।

किसी शब्दकी व्याख्याके बाद [ऐसे चिह्नके आगे जो शब्द मिले, समझना चाहिये कि वह निम्न शब्दकी व्याख्याका बाकी अंश है; जैसे—খঞ্জন में [मेंढक। অগড়ম में [असम्बद्ध, अंडबंड।

कहीं कहीं व्याख्यामें केवल बंगाल बंगला भाषा या बंगाली जाति ही समझनी चाहिये; जैसे—কাল বৈশাখী—चैत-बैशाखकी सन्ध्याकी आँधीपानी—यहाँ 'बंगालमें'; इस भूमिकाके प्रथम पृष्ठमें—অ্যা एक स्वतन्त्र स्वर है—यहाँ 'बंगला भाषामें'; মুখোপাধ্যায় —ब्राह्मणोंकी एक उपाधि—यहाँ 'बंगाली ब्राह्मणोंकी'—ऐसा समझना चाहिये।

उच्चारण

हिन्दीकी तरह ধন মান গাছ বাঁশ আদিকা अन्तिम अक्षर हलन्त उच्चारित होता है। इन शब्दोंके साथ दूसरा शब्द मिलनेसे भी प्रायः अन्तिम अक्षर हलन्त ही उच्चारित होता है; जैसे— গাছগুলি, বাঁশঝাড়, মাথামারা (কন)। परन्तु आगे संयुक्ताक्षर या संस्कृत शब्द आनेपर पिछले अक्षरका अकार उच्चारित होता है; जैसे ধনদৌলত, মোক্ষস্থান, ফলপ্রদ, মনস্কাম; ধনধাম, জনসাধারণ, পরলোক, মনস্তাপ। परन्तु आगे ठेठ बंगला शब्द आनेपर पिछले अ-कारका हलन्त ही उच्चारण होता है। जैसे—পরগাছা, মনগড়া, নরছর, দরদস্তুর, মারমুখো। अनुस्वार और विसर्गके आगेके अक्षरका अकार उच्चारित होता है; जैसे—স্বরস, দুঃখ।

जिस शब्दके अन्तिम अक्षरक अ-कार उच्चारित होता है उसके आगे कोष्ठकके भीतर (-अ) ऐसा लिख दिया गया है। कुछ लोग ऐसे अ-कारका लघु ओ-कार-सा उच्चारण करते हैं, जैसे—কৃত (-अ) कृतो, কৃশ (-अ) कृशो, পড়পড় (पड़-अपड़-अ) पड़ोपड़ो; কষ্ট (-अ) कष्टो, অন্ত (-अ) अन्तो, শক্ত (-अ) शक्तो। संयुक्ताक्षरका अ-कार सर्वत्र उच्चारित होता है।

संगीतमें आवश्यकतानुसार अन्तिम अक्षरका अ-कार उच्चारित होता है; कहीं कहीं तो उस अ-कारका ओ-कार-सा भी उच्चारण होता है; जैसे—কিবা ঢল ঢল (ढलो ढलो) কাঁচা অঙ্গের (-अ) লাবণি অবনি বহিয়া যায়।

जिस बंगला मूल शब्दके उच्चारणमें विशेषता है उसका पूर्ण या आंशिक उच्चारण उस शब्दके सामने कोष्ठकके भीतर नागरी लिपिमें लिख दिया गया है, जैसे—নিযুক্ত (निजुक्त-अ), প্রশ্ন (प्रस्न अ), বাধান (-नो), মনসা (-नशा)। इस अन्तिम शब्दमें न के अ-कारका स्पष्ट उच्चारण होता है—यही दिखाया गया है।

तीन अक्षरवाले शब्दके अन्तिम अक्षर हलन्त उच्चारित हो तो प्राय: मध्यम अक्षरके अ-कारका उच्चारण होता है, जैसे—কারণ, চলন, বলদ, ভাবন, মারণ आदि। परन्तु अन्तिम अक्षरमें आ-कारादि कोई मात्रा रहे तो अ-कारयुक्त मध्यम अक्षर प्राय हलन्त उच्चारित होता है, जैसे—করনা, চলতি, ফরসা, ভাবনা, মরদা, গরত, শুকনা, হলদে आदि। परन्तु জননী, বিপণি, জগতী, মানদা, সপত্নী आदि कुछ शब्दोंमें अन्तिम अक्षर मात्रायुक्त रहने पर भी मध्यमाक्षरका अ-कार स्पष्ट उच्चारित होता है, यह यथास्थान दिखा दिया गया है; जैसे—মনস্বী (-नश्शी), তপস্বী (-पशी)।

चार अक्षरवाले शब्दका द्वितीय अक्षर अ-कारयुक्त हो तो वह प्राय: हलन्त उच्चारित होता है; जैसे—কামরাঙা, খয়রাত, ছারপোকা, কুলকুচা, ছিটকিনি, ছটকান, কপচান, শয়তান आदि। परन्तु संस्कृत शब्दोंमें प्राय: ऐसे शब्दोंके द्वितीय अक्षरका अकार उच्चारित होता है; जैसे—উপহার, ভগবান, নিমন্ত্রণ, হলধর, ব্যবহার, শশধর आदि। चार अक्षरवाले शब्दोंका तृतीय अक्षर अ-कारयुक्त हो तो उसका भी स्पष्ट उच्चारण होता है; जैसे—আলোচনা, প্রতারক, বিজ্ঞাপন, মেরামত, সিংহাসন, হরীতকী आदि।

अन्तमें ত্ব या তা प्रत्यय रहनेसे उसके पिछले अक्षरका अ-कार उच्चारित होता है। जैसे—অমরত্ব, নরত্ব, মূকত্ব, কৃপণতা, সরলতা, আবশ্যকতা, প্রিয়তা, কৃশতা आदि।

बंगलाके कुछ शब्दोंमें ए-कारका उच्चारण हिन्दीके ऐ-की तरह होता है, जैसे—কেমন, যেমন, তেমন, বেড, বেটা, দেখা, খেঁকান आदि। परन्तु हिन्दीके उस ऐ के उच्चारणके अन्तमें जो य की ध्वनि निकलती है उसे छोड़कर उसके प्रथमांशका ही उच्चारण होता है।

ফড়িং, বরং, শিং, সংখ্যা आदि शब्दोंके (ং) अनुस्वारका उच्चारण अलंकार, अंग आदिके अनुस्वारके समान है।

बंगलामें दीर्घ स्वरोंका प्राय: ह्रस्वकी तरह उच्चारण किया जाता है। परन्तु गाने या पुकारनेमें सभी स्वरोंका आवश्यकतानुसार दीर्घ उच्चारण होता है। मूर्धन्य ণ का उच्चारण दन्त्य न की तरह तथा मूर्धन्य ষ और दन्त्य স का उच्चारण तालव्य श-की तरह है। परन्तु শ या স के साथ ঋ, র या ন लगनेसे और স के साथ ত या থ लगनेसे उस শ और স का उच्चारण स-की तरह होता है; जैसे—শৃগাল, পরিশ্রম, শ্রী, মসৃণ প্রস্রবণ, প্রশ্ন, স্নান, স্তব, স্থান। য का उच्चारण ज-की तरह है। परन्तु য यदि शब्दके बीच या अन्तमें रहे तो उसका रूप য় ऐसा हो जाता है और उसका उच्चारण य की तरह ही होता है; जैसे—শয়ন, নয়, সময়। অ, বি, সং आदि उपसर्गके आगे য हो तो उसके नीचे बिन्दी नहीं दी जाती और उसका उच्चारण ज-की तरह ही होता है, जैसे—অযুগ্ম, বিযুক্ত, সংযোগ। दोनों ব का रूप एकसा है और दोनोंका उच्चारण ब-की तरह है। किसी व्यंजनके आगे য, ম, या ব आवे तो उस व्यंजनका केवल दुगुना उच्चारण होता है, जैसे—অশ্ব, পদ্ম, বিশ্ব।

परन्तु উদ্বাস্তু, যক্ষা, কদর্য, জন্ম, উন্মাদ, উদ্যাপন, উদ্যোগ आदि कुछ विशेष विशेष शब्दो में उन अक्षरो का स्पष्ट व, म और ज की तरह उच्चारण होता है। इस कोशमें उनका यथास्थान उच्चारण दिखा दिया गया है।

कुछ शब्दो के उच्चारण-भेदसे अर्थ में भेद होता है, जैसे —কাল (काल्=समय ; कल), কাল (कालो=काला) ; জাত (जात्=जाति), জাত (जातो=उत्पन्न) ; দেওয়ান (दैवान्=दिलाते हैं), দেওয়ান (दैवानो=दिलाना), নাম (नाम्=नाम, उतर), নাম (नामो=उतरो) ; ভাল (भाल्=कपाल), ভাল (भालो=अच्छा) ; মত (मत्=राय), মত (मतो=तरह, तुल्य) आदि।

जिस अक्षरमें उच्चारणकी विशेषता है उस श्रेणीके प्रथम शब्दमें ही प्रायः उच्चारण दिखाया गया है। उसके अनुसार उसके नीचेके शब्दो में भी वैसा ही उच्चारण जानना चाहिये। जैसे—দক্ষ, বিকৃত, অসংকীর্ণ, অদ্ব।

मेरा शरीर वहुत वृद्ध है, प्राय अस्वस्थ रहता है। यह कोश कलकत्ते में छपा है। कुछ अंशका प्रूफ मैं नही देख सका, इस कारण कुछ अशुद्धियाँ रह गयी हैं। अन्तमें शुद्धिपत्र देकर अशुद्धियोंके शुद्ध रूप दिखा दिये गये है। इसके अतिरिक्त हिन्दीकी कुछ मात्राएँ छपते समय टूट गयी हैं। पाठक उन्हें अपनी प्रतिमें शुद्ध कर लेनेकी कृपा करें।

वंगला, हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृतके कई कोशो से शब्द शब्दार्थ-प्रयोग-संग्रहमें मुझे सहायता मिली है, उनके लेखको का मैं आभारी हूँ। लगभग ४० वर्षों तक निरन्तर हिन्दीकी सेवा करनेसे मुझे हिन्दीका जो थोड़ा-वहुत ज्ञान प्राप्त हुआ है उसीपर भरोसा करके मैंने वड़े ही संकोचके साथ इस कोशके प्रणयनमें हाथ डाला था। कहाँ तक सफल हुआ हूँ, उसके विचारका भार मैं सुविज्ञ पाठको पर ही छोड़ता हूँ। उन्हे जो भूल-त्रुटियाँ दिखाई पड़ें निम्न पते पर मुझे सूचित करनेसे मैं आगामी संस्करणमें उन्हें शुद्ध कर दूंगा तथा सूचना देनेवाले विद्वानो का कृतज्ञ रहूंगा।

वाराणसी
३० जून, १९५७ ई०

गोपालचन्द्र चक्रवर्ती वेदान्तशास्त्री
४७।१२८ रामापुरा, वाराणसी

संक्षिप्ताक्षर

अ, अव्य=अव्यय
उप=उपसर्ग
क्रि=क्रिया
क्रि वि=क्रिया विशेषण
क्रि परि=क्रिया परिशिष्ट
पुं=पुंलिंग
पूर्व=पूर्वकालिक क्रिया
प्र=प्रत्यय
प्रे=प्रेरणार्थक क्रिया,
वहु=वहुवचन
वि=विशेषण
विभ=विभक्ति
सं, सं=संज्ञा
सर्व=सर्वनाम
स्त्री=स्त्रीलिंग

बंगला-हिन्दी-शब्दकोश

(বাংলা-হিন্দী-শব্দকোষ)

অ

অ—वर्णमाला का पहला अक्षर; अभाव भिन्नता कमी आदि सूचक उपसर्ग; जैसे— অধর্ম, অন্যায়, অপ্রিয়, অনিয়ম आदि।

অই, ওই, ঐ सर्व—वह; वहाँ।

অঋণী वि—उऋण, ऋण से मुक्त, ऋण-रहित।

অংক, অংকুর, অংগ=অঙ্ক, অঙ্কুর, অঙ্গ।

অংশ (-अ) सं—अंश, भाग, हिस्सा, टुकड़ा; भाग्य, भिन्न। সমাংশে क्रि वि—बराबर हिस्से में। সর্বাংশে क्रि वि—सभी अंशों या विषयों में। জাত্যংশে क्रि वि—जाति के हिसाब से।

অংশতঃ क्रि वि—हिस्से के अनुसार; कुछ अंशोंमें।

অংশনীয় (-अ) वि—भाग करने योग्य, विभाज्य।

অংশভাক্, অংশভাগী वि–हिस्सेदार, साझेदार; अंश पाने योग्य।

অংশিত (-अ) वि—विभक्त, भाग किया हुआ।

অংশী, অংশীদার वि—हिस्सेदार, अंशी।

অংশু सं—কিরণ, প্রভা सूर्य की किरण, अंशु; আঁশ, তন্তু रेशा, सूत, वस्त्र।

অংশুক सं—वस्त्र; महीन कपड़ा।

অংশুজাল, অংশুমালা स—सूर्य की किरणें।

অংশুধর, অংশুমালী स—সূর্য্য सूर्य, दिवाकर।

অংশুমান্ वि—उज्ज्वल, चमकदार। स—सूर्य।

অংশ্যমান वि—विभक्त किया जानेवाला।

অংস (-अ) स—কাঁধ, स्कन्ध कंधा। —ফলক, —ফলকাস্থি सं—कंधे की चौड़ी हड्डी।

অংসল वि—बलवान, हट्टाकट्टा, पुष्ट।

অকণ্টক वि—कांटा-रहित; निर्विघ्न, बाधा-रहित।

অকথনীয় (-अ) वि—বলিবার অযোগ্য न कहने योग्य, अवर्णनीय; अश्लील।

অকথা सं—কুকথা बुरी बात, अनुचित या अश्लील बात; गाली।

অকথিত (-अ) वि—न कहा हुआ।

অকথ্য (-अ) वि—न कहने योग्य; अश्लील; प्रकट न करने योग्य।

অকপট वि—निष्कपट, भोला, सरल, सीधा।

অকম্পিত (-अ) वि—स्थिर, अचल, स्पन्दन-रहित।

অকরণীয় (-अ) वि—অকর্তব্য न करने योग्य, विवाह सम्बन्ध न करने योग्य।

অকরুণ वि—নির্দয় निर्दयी, निष्ठुर, बेरहम।

অকর্তব্য (-अ) वि—करने के अयोग्य, अनुचित, खराब।

অকর্তা वि—न करने वाला, निष्क्रिय, हुकुमत न करनेवाला; उदासीन।

অকর্তৃত্ব (-अ) सं—कर्तृत्व या उसके अभिमान का अभाव।

অকর্ম (-अ) सं—অকার্য कर्मका अभाव; অপকর্ম बुरा काम, अपराध, कसूर, आलस्य, सुस्ती।

অকর্মক वि—निष्क्रिय; कर्म-रहित; बेकार।

অকর্মণ্য (-अ) वि—কর্মে অক্ষম अनाड़ी, निकम्मा, अयोग्य, सुस्त, आलसी।

অকর্মা वि—নিষ্কর্মা बेकार; निकम्मा, आलसी। सं—अनाड़ी या आलसी आदमी।

অকলঙ্ক (-अ) वि—নিষ্কলঙ্ক कलंक-रहित; बेदाग, निर्मल; पवित्र।

অকল্পিত (-अ) वि—অকৃত্রিম सच्चा, असली।

অকল্যাণ सं—अमंगल, अशुभ।

অকস্মাৎ (अकस्मात्) क्रि वि—एकाएक, अचानक।

অকাজ स—बुरा काम; अनुचित कार्य, वृथा कार्य।

অকাটমূর্খ (-अ) वि—भोंदू, बेवकूफ; जाहिल।

অকাট্য (-अ) वि—যুক্তিদ্বারা অখণ্ডনীয় युक्तिसे खंडन करने के अयोग्य, न काटने योग्य।

অকাতর वि—অব্যাকুল न घबराया हुआ, सहनशील।

অকাতরে क्रि वि—आसानी से, अनायास, विना क्लेश।

অকাম वि—নিষ্কাম कामना-रहित, अनिच्छुक।

অকাব=অকাজ।

অকায় वि—অশরীরী शरीर-रहित। स—राहु; परमात्मा।

অকারণ क्रि वि—অনর্থক विना कारण; कारण-रहित।

অকার্য (-र्ज-अ) सं=অকর্ম।

অকাল स - अयोग्य काल, अशुभ मुहूर्त; दुर्भिक्ष। —কুষ্মাণ্ড (-कुष्माण्ड-अ) वि—অকর্মণ্য नालायक, निकम्मा। सं—कुलनाशक पुत्र। —পক্ক (-पक्व-अ) वि—समयसे पहले पका; ইঁচড়ে পাকা बचपनमें बूढ़ा-सा बर्ताव करने वाला। —বোধন सं—असमय में जगाना।

অকালে क्रि वि—অসময়ে असमय में, समय से पहले।

অকিঞ্চন वि—নিঃস্ব गरीब; दुःखी; साधारण।

অকিঞ্চিৎকর वि—নগণ্য, তুচ্ছ तुच्छ, ओछा।

অকীর্তি स—অখ্যাতি, দুর্নাম बदनामी। —কর वि—निन्दायोग्य।

অকু—घटना; दगा। —স্থল, —স্থান स—जहाँ खून चोरी आदि घटना हुई हो।

অকুটিল वि—अकपट, भोला, सरल।

অকুণ্ঠ, অকুণ্ঠিত (-अ) वि=অকাতর।

অকুতোভয় वि—निर्भीक निडर, भय-रहित।

অকুপিত (-अ) वि—अक्रोधित, अनुत्तेजित।

অকুল स—অঘর जिस कुल के साथ विवाह-सम्बन्ध नहीं किया जा सकता, नीच कुल।

অকুলন, অকুলান स—অনটন अभाव, कमी।

অকুশল स—অমঙ্গল अनभल, अहित। वि—अनिपुण।

অকূল वि—তীরহীন तट-रहित, असीम। स—संकट, विपत्ति, अथाह समुद्र। —পাথার स—अथाह समुद्र; महान विपत्ति।

অকৃত (-अ) वि—न किया हुआ, असमाप्त। —কার্য (-अ) वि—नाकामयाब, असफल। —কার্যতা स—नाकामयाबी, असफलता। —জ্ঞ (-अ) वि—उपकार स्वीकार न करने वाला, कृतघ्न। —দার वि—अविवाहित, क्वारा।

অকৃতাপরাধ वि—जिसने अपराध नही किया है, निरपराध।

অকৃতার্থ (-अ) वि—অসফল असफल, नाकामयाब।

অকৃতিত্ব (-अ) सं—अयोग्यता, असामर्थ्य।

অকৃতী वि—অক্ষম, অপটু अनाड़ी, अनिपुण।

অকৃত্য (-अ) वि—अकर्तव्य, करने के अयोग्य; अनुचित। सं—निन्दित कार्य, बुरा काम।

অকৃত্রিম वि—প্রকৃত असली, सच्चा, मिलावट-रहित, वास्तविक; पवित्र; भोला।

অকৃষ্ট (-अ) वि—न जोता हुआ; ऊसर।

অকেজো वि—निकम्मा, अयोग्य, अनाड़ी, तुच्छ।
অকৌশল—निपुणता का अभाव, अनाड़ीपन; मनमुटाव, विरोध।
অক্কা स—मृत्यु, मौत। —পাওয়া क्रि—मर जाना।
অক্টোবর स—अक्टुबर, अंग्रेजी दसवाँ महीना।
অক্ত (-अ) वि—पोता हुआ, चुपड़ा हुआ। घृताक्त वि—घीसे चुपड़ा हुआ।
অক্রিয় (-अ) वि—क्रिया-रहित, स्थिर; आलसी।
অক্রিয়া सं—अनुचित कार्य, बुरा काम; कार्यका अभाव। —চরণ स—बुरा बर्ताव, अवध आचरण। —ন্বিত (अक्रियान्वित-अ) वि—कुकर्मरत बुरे काम में लगा हुआ।
অক্রেয় (-अ) वि—আক্রা महंगा; खरीदने के अयोग्य।
অক্রোধ स—क्रोधका अभाव। वि—क्रोधहीन।
অক্রোধী वि—क्रोध-रहित।
অক্লান্ত (-अ) वि—न थका। —ভাবে क्रि वि—न थककर।
অক্লান্তি सं—क्लान्तिका अभाव।
অক্লেশ स—क्लेश का अभाव। অক্লেশে क्रि वि—अनायास।
অক্ষ (अक्ख-अ) सं—পাশা पासा; धुरा; इन्द्रिय (প্রত্যক্ষ)। —কান্তি सं=অক্ষক্ষকান্তি। —क्रीड़ा सं—पासे का खेल। —দণ্ড (-अ) सं—धुरा। —মালা स—जपमाला, रुद्राक्षमाला। —রেখা स—भूमण्डल के केन्द्र से दोनों ओर समानान्तर कल्पित रेखा, अक्षरेखा a line of latitude —সূত্র (-अ) सं—माला का सूत; माला।
অক্ষত (अक्खत-अ) वि—घाव-रहित; समूचा, अखण्ड। सं—अक्षत, चावल। —যোনি (-जोनि) सं—कुमारी जिस स्त्री का पुरुष-ससर्ग नहीं हुआ है।
অক্ষম वि—असमर्थ, दुर्बल, अयोग्य।
অক্ষমা सं—क्षमा का अभाव।
অক্ষয় (अक्खय) वि—क्षय-रहित, नित्य, अविनाशी।
অক্ষর सं—वर्ण, अक्षर, हरफ; ब्रह्म। वि—सदा एकसा रहनेवाला, नित्य। —জীবক सं—লিপিকর, মসিজীবী लेखक, मुन्शी, क्लर्क। —পরিচয় स—वर्णज्ञान। —বৃত্ত (-अ) सं—वर्ण-सख्यानुसार छन्द। অক্ষরার্থ स—शब्द से प्राप्त अर्थ, शब्दार्थ, वाच्यार्थ।
অক্ষাংশ (-अ) सं—अक्षरेखाओं के बीच का अंश a degree of latitude.
অক্ষার वि—क्षार-रहित, नमक-हीन।
অক্ষি (अक्खि) सं—चक्षु, চোখ आँख, नेत्र। —গোলক सं—आँख का गोला। —কোটর सं—आँख का गढ़ा। —তারকা स—पुतली। —পক্ষ্ম (-पक्ख-अ) सं—बरौनी। —ভিষক् सं—आँख का चिकित्सक।
অক্ষীয় (-अ) वि—धुरेका, धुरा सम्बन्धी।
অক্ষুণ্ণ (-अ) वि—অক্ষুব্ধ क्षोभ-रहित; बिना टूटाफूटा, समूचा।
অক্ষুধা स—क्षुधा का अभाव, भूख का न लगना।
অক্ষুব্ধ (-अ) वि—क्षोभ-रहित, शान्त, स्थिर।
অক্ষেম सं—अमंगल; दुर्भाग्य; विपत्ति।
অক্ষোভ स—क्षोभ का अभाव, शान्ति, स्थिरता।
অক্ষৌহিণী स—एक बड़ी सेना जिसमें ६५६१० घोड़े, २१८७० हाथी, २१८७० रथ और १०९३५० पदल सैनिक हों; अगणित सैन्य।
অক্সিজেন स—অম্লজান आक्सिजन गैस Oxygen
অখণ্ড (-अ) वि—অভগ্ন बिना टूटा हुआ, समूचा; प्रचण्ड (—প্রতাপ)। —সংখ্যা स—पूर्ण सख्या। —নীয় (-अ) वि—অপরিবর্তনীয় परिवर्तित न होने वाला; खण्डन करने के अयोग्य। —মণ্ডলাকার वि—गोल; सर्वव्यापक।
অখণ্ডিত (-अ) वि—अविभक्त, बिना टूटा हुआ।
অখদ্যে वि—অকেজো निकम्मा, तुच्छ, ओछा।

অখনিত (-अ), অখাত (-अ) वि—न खोदा हुआ (जैसे झील नदी समुद्र आदि)।

অখাদ্য (-अ) वि—দুখাদ্য खाने के अयोग्य। स—अखाद्य वस्तु, निषिद्ध खाद्य।

অখিন্ন (-अ) वि—खेद-रहित, प्रसन्न, खुश।

অখিল वि—সমস্ত, যাবতীয় सब, सारा। सं—ससार।

অখ্যাত (-अ) वि—अप्रसिद्ध; निन्दित, बदनाम। —নামা वि—अप्रसिद्ध, जिसका नाम कोई नहीं जानता।

অখ্যাতি स—অপবাদ निन्दा, बदनामी। —কর, —জনক वि—निन्दाजनक।

অগঙ্গ (-अ) वि—गंगा-रहित। —প্রদেশ सं—गंगा से दूर का प्रदेश।

অগড়ম-বগড়ম सं—अनाप-शनाप, अंडबंड।

অগণন वि—अनगिनत, असंख्य।

অগণনীয় (-अ) वि—न गिनने योग्य, असख्य।

অগণিত (-अ) वि—न गिना हुआ; अनगिनत, असख्य।

অগণ্য (-अ) वि=অগণনীয়।

অগতি वि—गति-रहित, स्थिर; निरुपाय, असहाय; मृतक-संस्कार-रहित।

অগত্যা क्रि वि—लाचार होकर, निदान।

অগনতি वि=অগুনতি।

অগন্তব্য (-अ) वि—न जाने योग्य।

অগভীর वि—छिछला, कम गहरा।

অগম वि—न चलने वाला। सं—पेड़; पहाड़।

অগম্য (-अ) वि—অগন্তব্য न जाने योग्य; गूढ़, अबोध्य।

অগম্যা सं—जिस स्त्री के साथ सम्भोग अनुचित है। —গামী वि—व्यभिचारी।

অগষ্ট, सं—अंग्रेजी अगस्त मास।

অগস্ত্য (-अ) सं—अगस्त्य मुनि। —যাত্রা स—यगला सौर मास की पहली तिथि, इस दिन की यात्रा अशुभ मानी जाती है क्यों कि अगस्त्य मुनिने भाद्रपद की इसी पहली तिथि को विन्ध्याचल से दक्षिण की यात्रा शुरू की थी और वहाँ से वह फिर लौट न आये।

অগা वि—बेवकूफ, भोंदू मूर्ख।—রাম वि—भोंदू।

অগাধ वि—অতি গভীর बहुत गहरा। —ধন सं—बहुत अधिक धन।

অগুণ सं—अवगुण, दोष, ऐब। —কারক वि—हानिकारक।

অগুনতি, অগুন্তি वि—अनगिनत, असख्य।

অগুরু वि—हल्का। सं—एक सुगन्धित लकड़ी, अगर।

অগুহ্য (अगुज्झ-अ), অগূঢ় (-अ) वि—अगूढ़, न छिपा हुआ; खुला हुआ। [अज्ञात।

অগোচর वि—अदृश्य, इन्द्रिय. के अग्राह्य;

অগোচরে क्रि वि—अनजान में, बिना जाने, गुप्त रूप से; पीठ पीछे।

অগোপন वि—न छिपा हुआ, खुला हुआ।

অগোপনীয় (-अ) वि—न छिपाने योग्य।

অগৌণ वि—प्रधान, मुख्य।

অগৌণে क्रि वि—बिना विलम्ब, तुरत, शीघ्र, जल्दी।

অগৌরব स—बदनामी, बेइज्जती; अख्याति।

অগ্নি सं—आग, आँच; पचाने की शक्ति; अग्निदेव। —কণ सं—আগুনের কণা चिनगारी, स्फुलिंग। —কর্ম, —কার্য, —ক্রিয়া सं—অন্ত্যেষ্টি ক্রিয়া मृतकसस्कार, शवदाह। —কল্প (-अ) वि—आग के समान; बहुत गर्म; बहुत खफा, आग-बबूला। —কাণ্ড (-अ) स—গৃহদাহ घरका जलना; प्रचण्ड आग। —কোণ सं—दक्षिण-पूर्व कोना। —ক্রীড়া स—आग का खेल, आतिशबाजी। —গর্ভ (-अ) वि—भीतर आग वाला, आगभरा। सं—आतशी शीशा। —চূর্ণ (अ) सं—बारूद।

—ज (-अ),—जात(-अ)वि—आग से उत्पन्न। —द (-अ) वि—घरमें आग लगाने वाला। —दग्ध (-अ)वि—आग से जला या जलाया हुआ। —दाता सं—दाग देने वाला; आग देने वाला। —दाह (-अ) सं—शवदाह; आग से भस्म करण, भारी आग। —दाह्य (-दाह्यक-अ) वि—आग से जलने योग्य। —पक्व (-अ) वि—आग से पकाया हुआ, भुना हुआ; जलाया हुआ। —परीक्षा सं—आग से जला कर परीक्षा या सचाई की जाँच; बहुत कठिन परीक्षा। —प्रभ (-अ) वि—आगसा, अग्नितुल्य; चमकदार।—प्रस्तर सं—चकमकि पाथर चकमक पत्थर।—वर्द्धक वि—हाजमा बढ़ाने वाला। —वाण सं—आग लगाने वाला वाण; तोप बन्दूक राकेट आदि। —वृष्टि सं—आग की वर्षा, गोलों का लगातार गिरना। —मान्द्य (-अ)स—मन्दाग्नि, बदहजमी, अजीर्ण। —मूर्ति वि— आगबबूला, आग सा। —मूल्य (-अ) वि—बहुत महँगा। —शर्मा वि =अग्निमूर्ति।—शिखा सं—आग की लौ, ज्वाला। —शुद्ध वि—आग से शोधा हुआ। —संस्कार सं=अग्निकर्म। —सख (-अ) स—अग्नि का मित्र, वायु।—सह (-अ) वि—आग से न जलने वाला fire-proof. —सात् वि—आग में गिरा हुआ; जलाया हुआ, भस्म। —सेवन सं—आगुन पोशान आग का तापना। —स्फुलिङ्ग (-अ) सं=अग्निकणा।

अग्न्यवतार वि=अग्निमूर्ति।

अग्न्यस्त्र (-अ) स—आग्नेय अस्त्र; तोप बन्दूक राकेट आदि।

अग्न्युत्सव सं—होलीका उत्सव।

अग्न्युद्गम, अग्न्युद्गार सं—ज्वालामुखी से आग का निकलना।

अग्र (-अ) वि—प्रथम, प्रधान; आगे वाला, पहलेका; नामी। सं—सिरा; अग्रभाग; सामना; नोक; लक्ष्य; आरम्भ। —ग (-अ) वि—पहलेका। सं—अगुआ, नेता। —गण्य (-अ) वि—पहले नाम लेने योग्य, श्रेष्ठ, उत्तम। —गामी वि—आगे जाने वाला, अगुआ, नेता। —ज (-अ) वि—प्रथमे जात पहले जन्मा हुआ। सं-बड़ेभाई; ब्राह्मण। —जा सं—बड़ी बहिन, दीदी, जीजी। —ज्ञान सं—पूर्वज्ञान, दूर दृष्टि। —णी वि=अग्रगामी। —दानी सं—श्राद्धमें प्रथम दान लेने वाला, पतित ब्राह्मण। —दूत सं—प्रथम वार्त्तावह सबसे पहले जाकर या आकर खबर देनेवाला, अगुआ। —पश्चात् स—आगा-पाछा, कामका आरम्भ और फल। —वर्त्ती वि—सामनेका, आगेवाला। —भाग सं—आगे का अंश, सामना। —सर वि—आगे बढ़ा हुआ। —सूचना सं—पहले से सूचना, पूर्वाभास। —हायण स—अग्रान मास अगहन।

अग्राह्य (-ह्यक-अ) वि—ग्रहण करने के अयोग्य, अमान्य, तुच्छ। स—उपेक्षा।

अग्रिम वि—प्रथम, प्रधान। सं—पेशगी, अगाऊ।

अग्रे क्रि वि—पहले; आगे, सामने।

अघ (-अ) सं—पाप, दोष, अपराध। —नाशन वि—पाप नाशक।

अघटन वि—असम्भव, नामुमकिन, न होने वाला। —घटन-पटीयसी स—अघटन घटाने वाली ब्रह्मशक्ति माया।

अघटनीय (-अ) वि—असम्भव, न घटने योग्य।

अघटित (-अ) वि—न घटा हुआ, अभूत-पूर्व।

अघोर वि—गहरा (—निद्रा), अघोर, बेहोश। सं—शिव। —पन्थी सं—अभक्ष्य खानेवाला सन्यासी, अघोरी।

अघ्रात (-अ) वि—न सूँघा हुआ, घ्राण न लिया हुआ।

অঘ্রান सं=অগ্রহায়ণ।

অঙ্ক (-अ) सं—अंक, संख्या, चिह्न, दाग, छाती, गोदी, नाटक का अंश। —কষা क्रि—हिसाब लगाना। —গত (-अ) वि—गोदी में स्थित या प्राप्त, हस्तगत। —পালী सं—धाय, सेविका। —পূরণ सं—गुना, गुणन-क्रिया। —বিদ্যা सं—अंकशास्त्र, गणित, हिसाब। —ভাগ सं—भाग, विभाजन। —লক্ষ্মী (-लक्खी) सं—पत्नी, स्त्री। —ন सं—चित्रण, चित्र-निर्माण। —নীয় (-अ) वि—चित्र खींचने योग्य।

অঙ্কিত (-अ) वि—चित्रित; चिह्नित, वर्णित, मुद्रित।

অঙ্কুর सं—अंकुर, कोंपल; प्रथम अवस्था। বীজাঙ্কুরন্যায়—बीज से अंकुर और अंकुर से बीज होने का सिद्धान्त।

অঙ্কুরিত (-अ) वि—अंकुर निकला हुआ।

অঙ্কুরোদ্গম सं—अंकुर का निकलना।

অঙ্কুশ सं—हाथी हाँकने का अंकुस, रोक।

অঙ্কুশধর (-अ) सं—মাহুত महावत।

অঙ্গ (-अ) सं—अंग, शरीर का अंश, शरीर, देह (কোমলাঙ্গ), अंश, उपकरण। —গ্রহ (-अ) सं—আক্ষেপ, খেঁচুনি अकड़, मरोड़, ऐंठन। —চালন, —চালনা सं—शरीर का संचालन, व्यायाम, कसरत। —চ্ছেদ, —চ্ছেদন सं—अंग-विच्छेद, किसी अंग का काट डालना। —চ্ছেদক सं—अंग काटने वाला डाक्टर, जर्राह। —জ (-अ) वि—आत्मज। सं—पुत्र, बेटा; लालसा। —ত্রাণ सं—বর্ম कवच, बकतर, जिरह। —দ (-अ) सं—बाजू बाजूबंद, बालि का पुत्र। —ন् सं—উঠান आँगन, चौक। —না सं—महिला, नारी, स्त्री। —ন্যাস सं—पूजा के समय हृदय मस्तक आदि का स्पर्श। —প্রত্যঙ্গ (-अ) सं—शरीर के सारे अंग और उपांग। —প্রায়শ্চিত্ত (-अ) सं—मरणाशौच-काल की देहाशुद्धि दूर करने का एक संस्कार। —বিকৃতি सं—ऐंठन, मरोड़, आक्षेप, किसी अंग का विकृत हो जाना। —বিক্ষেপ सं—আক্ষেপ ऐंठन, मरोड़; हावभाव। —ভঙ্গ, —ভঙ্গিমা, —ভঙ্গী सं—चेष्टा, हावभाव; संकेत, अंग हिलाकर मन के भाव का प्रकाश। —মর্দন सं—शरीर का मलना। —রাগ सं—उबटन, शृंगार। —রুহ (-अ) सं—रोम, रोआँ, ऊन। —লেপ सं—उबटन। —সংস্কার सं—शृंगार, शरीर की सजावट। —সঞ্চালন सं=অঙ্গচালন। —সেবা सं=অঙ্গসংস্কার। —সৌষ্ঠব सं—शरीर की सुन्दरता, खूबसूरती। —হানি सं—किसी अंग की हानि, किसी कार्य के एक अंश का पूरा न होना, त्रुटि। —হীন वि—বিকলাঙ্গ हीनांग, अपूर्ण, शरीर रहित।

অঙ্গাঙ্গিভাব सं—गौण-मुख्य भाव, अच्छेद्य संबंध, घनिष्ठता।

অঙ্গাবরণ सं—ओढ़ना, चादर।

অঙ্গার सं—আঙরা अंगारा, कोयला; कालि, स्याही, कलंक। —ক सं—लकड़ी का कोयला carbon —কৃষ্ণ (-अ) वि—कोयला-सा काला।

অঙ্গারাম্ল (-अ) सं—एक तेजाब carbonic acid —বাষ্প (-अ) सं—carbonic acid gas.

অঙ্গী वि—अंग वाला, शरीरी, प्रधान, मुख्य। —করণ, —কার, सं—स्वीकार, प्रतिज्ञा, ग्रहण। —কৃত (-अ) वि—स्वीकृत, गृहीत। —ভূত (-अ) वि—अंतर्गत, शामिल, शरीरस्थ।

অঙ্গুর सं—अंगूर, दाख।

অঙ্গুরি, অঙ্গুরী सं—আংটি अंगूठी, छल्ला।

অঙ্গুরীয় (-अ), অঙ্গুরীয়ক सं—अंगूठी।

অঙ্গুল, অঙ্গুলি, অঙ্গুলী सं—আঙুল उंगली, अंगुली। —ঠারা क्रि—उंगली से इशारा करना। —গ্রন্থি सं—उंगली की गाँठ। অঙ্গুলিত্র (-अ),

—ত্রাণ सं—दरजी की उंगली में पहनने की टोपी, अंगुश्ताना। —ধ্বনি सं—उंगली चटखने का शब्द, चुटकी की आवाज। —নির্দ্দেশ सं—उंगली से प्रदर्शन। —পর্ব্ব (-अ) सं—उंगली की गांठों के भीतर का भाग। —স্ফোটন सं—उंगली का चटखना।

অঙ্গুষ্ঠ (-अ) सं—वৃদ্ধাঙ্গুলি, बूड़ো আঙুল अंगूठा।

অঙ্গুষ্ঠানা, অঙ্গুস্তানা सं=অঙ্গুলিত্রাণ।

অচকিত (-अ) वि—न चौंका हुआ, स्थिर, निडर।

অচর वि—न चलने वाला, गति-रहित, स्थिर, स्थावर।

অচর্ব্বিত (-अ) वि—न चबाया हुआ।

অচল—न चलने वाला, स्थिर, अटल, दृढ़। स—पहाड़। —টাকা सं—खोटा रुपया। —সংসার सं—गृहस्थी का निर्वाह कठिन, न चलने वाला व्यापार। —তি वि—अप्रचलित। —ন सं—अप्रचलन, अव्यवहार। —নীয় (अ) वि—न चलने योग्य।

অচলা सं—पृथিবী पृथ्वी। —ভক্তি सं—न डिगने वाली दृढ़ भक्ति।

অচিকিৎসনীয় (-अ), অচিকিৎস্য (-अ) वि—चिकित्सा के अयोग्य, असाध्य।

অচিন, অচিনা वि=অচেনা।

অচিন্তনীয় (-अ) वि—चिन्तन के अयोग्य, अज्ञेय, दुर्बोध।

অচিন্তিত (-अ), অচিন্তিতপূর্ব্ব (-अ) वि—पहले से न विचारा हुआ।

অচিন্ত্য (-अ) वि—चिन्तन के अयोग्य, अकल्पनीय।

অচির (-अ) वि—अस्थायी, शीघ्र, जल्दी। —কাল सं—अल्प समय। —কালমধ্যে क्रि वि—थोड़े समय में। —ক্রিয় (-अ) वि—देर न लगाने वाला, फुर्ती से काम करने वाला, शीघ्रकारी। —দ্যুতি स—बिजली, विद्युत्। —স্থায়ী वि—अस्थायी, बहुत दिनों तक न ठहरने वाला।

অচিরাৎ क्रि वि—थोड़े समयमें, एकाएक, सहसा।

অচিরে क्रि वि—शीघ्र, तुरंत, क्षणभरमें।

অচিহ্নিত (-अ) वि—चिह्न न किया हुआ।

অচেতন वि—जड़, चेतना-रहित।

অচেনা वि—অপরিচিত अनजान, अज्ञात।

অচেষ্ট (-अ) वि—चेष्टा-रहित।

অচেষ্টিত (-अ) वि—जिसके लिए कोई चेष्टा न की गयी हो।

অচৈতন্য (-अ) वि—चेतना रहित, मूर्छित, बेहोश।

অচ্ছ (-अ) वि—স্বচ্ছ पारदर्शक, साफ, पवित्र।

অচ্ছদ वि—छत-रहित, आवरण रहित, उघारा, पत्र रहित।

অচ্ছিদ্র (-अ) वि—छेद-रहित, ठोस, दोष रहित।

অচ্ছিন্ন (-अ) वि—न कटा हुआ। —ত্বক্ वि—लिंग की अग्रत्वचा न कटा हुआ।

অচ্ছুৎ वि—अस्पृश्य, अछूत।

অচ্ছেদ্য (-अ) वि—न काटने योग्य, अलग होने के अयोग्य।

অচ্যুত (-अ) वि—न हटने वाला, अविनाशी। सं—विষ্ণু विष्णु, कृष्ण।

অছি सं—वली, नाबालिग की सम्पत्ति का प्रबन्धकर्ता। [मिस।

অছিলা सं—छুতো, অজুহাত बहाना, हीला,

অজ सं—ছাগল बकरा। वि—बिलकुल। —পাড়াগাঁ। सं—बिलकुल दिहात। —পাড়াগেঁয়ে सं, वि—बिलकुल दिहाती, उजड्ड, गँवार। —বুক वि—बेवकूफ, भोंदू। —মূর্খ वि—बिलकुल मूर्ख। —গর सं—अजदहा, अजगर।

অজ (-अ) वि—जन्म-रहित, अनादि। सं—ईश्वर, ब्रह्म, परमात्मा।

অজস্র वि—बहुत, प्रचुर, यथेष्ट।

অজন্মা सं—फसल का न होना, अकाल।

অজপা सं—শ্বাস, साँस, श्वास के साथ मंत्र का जप।

অজয় सं—পরাভব हार, पराजय, सन्ताल परगने की एक नदी।

অজর वि—जरा-रहित, अविनाशी। অজরামর वि—जरा-मृत्यु-रहित, नित्य। [अधिक।

অজস্র (-অ) क्रि वि—लगातार, निरंतर। वि—बहुत

অজা स—ছাগলী बकरी।

অজাত (-অ) वि—न जन्मा हुआ। —শত্রু वि—शत्रु रहित। सं—युधिष्ठिर। —শ্মশ্রু (शम्रु) वि—जिसकी दाढ़ी निकली न हो। सं—बालक, किशोर।

অজানত (-অ) क्रि वि—अनजान में।

অজানা, অজানিত (-অ) वि—अनजान।

অজানিতভাবে, অজান্তে क्रि वि—अनजान में।

অজিত (অ) वि—न जीता हुआ।

অজিতেন্দ্রিয় (-অ) वि—इन्द्रिय-परवश, कामुक, विषयी।

অজিন स—মৃগচর্ম मृगछाला। [मेंढक।

অজিহ্ব (-ह्म अ) वि—जीभ-रहित। स—

অজীর্ণ (-অ) वि—न पचा हुआ। स—बदहजमी।

অজু सं—नमाज के पहले हाथ-पैरों का धोना।

অজুহাত स—उज्र, बहाना, हीला।

অজেয় (-অ) वि—जीतने के अयोग्य अजेय।

অজৈব (অ)—जो जीव से उत्पन्न न हुआ हो inorganic

অজ্ঞ (अग्ग-अँ) वि—मूर्ख बेवकूफ, नासमझ।

অজ্ঞতা स—मूर्खता, नासमझी। —মূলক वि—मूर्खताजनित।

অজ্ঞাত (অ) वि—অজানা न जाना हुआ, अविदित, गुप्त। —কুলশীল वि—जिसका कुल-शील अज्ञात है। —নামা वि—जिसका नाम ज्ञात नहीं है। —বাস स—गुप्त रूप से निवास। —রাশি स—अज्ञात संख्या (बीजगणित में)।

—সারে, অজ্ঞাতে क्रि वि—अनजान में, गुप्त रूप से।

অজ্ঞান वि—বেহোঁশ मूर्छित; मूर्ख, नासमझ। स—अज्ञता, मूर्खता, माया (दर्शन में)। —কৃত (-अ) वि—अनजान में किया हुआ। —জনিত (-अ) वि—अज्ञान से उत्पन्न। —তঃ क्रि वि—अज्ञान से, अनजान में। —তা (-নতা) सं—अज्ञान, मूर्खता। —বাদ सं—संसार का मूल तत्त्व अज्ञेय है—ऐसा मत agnosticism.

অজ্ঞানী वि—मूर्ख, नासमझ।

অজ্ঞানে क्रि वि—अनजान में।

অজ্ঞেয় (-অ) वि—न जानने योग्य, ज्ञानातीत, अबोध्य। —বাদ स=অজ্ঞানবাদ।

অঝোরে क्रि वि—लगातार (—কান্না, —বৃষ্টি)।

অঞ্চল स—साड़ी या चादर का सिरा, पल्ला; प्रदेश, प्रान्त। —প্রভাব सं—पत्नी का प्रभुत्व।

অঞ্জন स—सुरमा, काजल, स्याही, विविध धातुघटित आयुर्वेदीय औषध (রসাঞ্জন, নীলাঞ্জন)।

অঞ্জনী स—बिल्ली।

অঞ্জলি सं—যুক্তপাণি अंजलि, अंजलिपूर्ण फूल-तुलसी आदि। —পুটে क्रि वि—हाथ जोड़ कर। —বদ্ধ (-अ) वि—कृतांजलि, हाथ जोड़ा हुआ।

অঞ্জুমান सं—সমিতি सभा, समिति, मजलिस।

অটবি, অটবী—सं वन, अरण्य, जंगल।

অটল वि—अचल, स्थिर, दृढ़।

অটুট वि—আস্ত समूचा, न टूटा हुआ।

অট্ট (-অ) वि—ऊँचा। सं—महल, इमारत। —নাদ सं—बड़ी जोर आवाज। —হাস, —হাসি, —হাস্য (-অ) स—ठहाका, ऊँची हँसी।

অট্টালিকা सं—প্রাসাদ महल, इमारत।

অঢেল वि—प्रचुर, यथेष्ट, उत्तर देने के अयोग्य।

অড়র, অড়হর सं—अरहर की दाल।

অঢেল वि—प्रचुर, यथेष्ट। क्रि वि—बहुतायतसे।
অণিমা सं—सूक्ष्मता, योग की एक विभूति जिससे कहा जाता है कि शरीर अणु के समान बनाया जा सकता है और लोगों को दिखाई नहीं पड़ता।
অণু सं—कण, अणु, जर्रा। —চ্ছেদ सं—अध्याय का एक अंश paragraph. —দর্পণ सं—सूक्ष्म-दर्शक यन्त्र Microscope —বটিকা सं—बहुत छोटी गोली। —বাদ सं—परमाणुओं से संसार की सृष्टि—ऐसा सिद्धान्त। —বীক্ষণ सं=অণুদর্পণ। —মাত্র (-अ) वि—कणा मात्र, बहुत थोड़ा। क्रि वि—कुछ भी, बिलकुल।
অণ্ড (-अ) सं—डिम अंडा, अंडकोष, फोता। —কোষ सं—फोता।—জ वि—अंडे से पैदा होने वाला। —জ প্রাণী सं—मछली मेंढक आदि। —প্রদ वि—अंडा देनेवाला, अंडा पैदा करने वाला।—বৃদ্ধি सं—फोते में पानी उतरने का रोग Hydrocele.
অণ্ডাকার, অণ্ডাকৃতি वि—अंडे के आकार का।
অণ্ডাশয় सं—गर्भाशय, अंडाशय Ovary.
অত (-अ), অতটা वि—ঐ পরিমাণ उतना। —গুলো वि—उतने। —এব क्रि वि—সুতরাং अतः, इसलिए। —থ্য (-अ) वि—অসত্য मिथ्या, झूठा। सं—झूठ। —থ্যবাদী, —থ্যভাষী वि—मिथ्यावादी झूठा। —নু वि—शरीर-रहित। सं—कामदेव। —ন্দ্র (-अ), —ন্দ্রিত (-अ) वि—तन्द्राहीन, सजग, सावधान। —র্ক (-अ) सं—कुतर्क, वृथा बहस। —র্কণীয় (-अ) वि—तर्क करने के अयोग्य, निश्चित। —র্কিত (-अ) वि—पहले से विचार न किया हुआ। —র্কিতে, —র্কিত অবস্থায়, —র্কিত ভাবে क्रि वि—असावधान अवस्थामें, अचानक, एकाएक। —ল वि—তলশূন্য बहुत गहरा, अगाध। —লস্পর্শ (-अ) वि—जिसका तला छुआ न जा सके, अगाध। —শত (-अ) वि—वह सब (—জানি না)। —সী सं—তিসি तीसी, एक पीला फूल।
অতঃপর (अतप्पर) क्रि वि—তাহার পর उसके बाद, अनन्तर, तत्पश्चात्।
অতলান্তিক सं—अतलांतक Atlantic Ocean
অতি वि—অতিশয়, অত্যন্ত अति, बहुत, अधिक। —কায় वि—विशाल शरीर वाला। —ক্রম सं—लंघन, अतिक्रमण। —ক্রমণীয় (-अ) वि—लघन या अतिक्रमण करने योग्य। —ক্রান্ত (-अ) वि—लघन या अतिक्रमण किया हुआ, गत, बीता हुआ। —জীবন सं—किसी की मृत्यु के बाद का जीवन survival. —দিষ্ট (-अ) वि—दूसरे स्थान से प्राप्त, आरोपित धर्मयुक्त, प्रबलतर आदेश द्वारा पूर्व आदेशसे मुक्त। —দেশ सं—एक के गुणका दूसरे पर आरोप। —পাত सं—यापन (কালাতিপাত), उल्लंघन, हानि। —পাতক सं—महापाप। —পাতকী वि—महापापी। —প্রসঙ্গ (-अ) सं—लक्षण का लक्ष्य से बाहर गमन, अत्युक्ति, बहुत अधिक चर्चा, अतिशयोक्ति। —প্রাকৃত (-अ) वि—अनैसर्गिक, अलौकिक। —বর্তন सं—अतिक्रमण, लंघन। —বর্তনীয় (-अ) वि—लाँघने के योग्य। —বর্তিত (-अ) वि—लाँघा हुआ, अतिक्रांत। —বল वि—बहुत बलवान। —বাড় सं—बहुत अधिक घमंड; बहुत वृद्धि। —বাহন सं—यापन (কালাতিবাহন)। —বাহিত (-अ) वि—बिताया हुआ। —বৃদ্ধ-প্রপিতামহ (-अ) सं—दादा का परदादा। —বৃদ্ধপ্রপিতামহী स्त्री—दादा की परदादी। —বৃদ্ধ-প্রমাতামহ (-अ) सं—नाना का परदादा। —বৃদ্ধপ্রমাতামহী स्त्री—नानाकी परदादी। —ব্যাপ্তি सं—लक्षण का लक्ष्य से बाहर गमन।

—ভক্তি सं—बनावटी भक्ति। —ভারাক্রান্ত (-अ) वि—बहुत अधिक बोझ लादा हुआ। —মাত্র (-अ) वि—अत्यन्त बहुत अधिक ; मात्रा से अधिक। —মান सं—बहुत अधिक घमण्ड, शेखी। —মানব, —মানুষ वि—मनुष्य-लोक से अतीत, अलौकिक superhuman —রঞ্জন सं—बहुत अधिक मिथ्या का रंग चढ़ाया हुआ वर्णन, अत्युक्ति। —রঞ্জিত (-अ) वि—मिथ्या का रंग चढ़ा कर वर्णित। —রথ सं—एक बड़ा सेनापति जो अगणित शत्रुओं से एक ही समय लड़ सकता हो। —রিক্ত (-अ) वि—अत्यन्त अधिक, ज्यादा (—গরম)। —রেক सं—आधिक्य अधिकता, बहुतायत। —শয় वि—अत्यन्त अधिक, ज्यादा। —শয়োক্তি सं—बढ़ाकर वर्णन, एक अलंकार। —ষ্ঠ (-अ) वि—अधीर, चचल, घबराया हुआ। —সার सं—उदरामय, पतला दस्त।

অতিথি सं—मेहमान, पाहुना। —শালা सं—अतिथियों के ठहरने का मकान, धर्मशाला। —সৎকার सं—मेहमानदारी, आतिथ्य।

অতীক্ষ্ণ (ক্ষ্ন-अ) वि—भोथरा, कुन्द।

অতীত (-अ) वि—विगत बीता हुआ। सं—भूतकाल। [योग्य।

অতীন্দ্রিয় (-अ) वि—इन्द्रिय से न जानने

অতীব (-अ) वि—अत्यन्त बहुत अधिक।

অতুল, অতুলনীয় (-अ) वि—तुलनारहित, अनुपम।

অতৃপ্ত (-अ) वि—तृप्तिरहित, असन्तुष्ट।

অতৃপ্তি सं—असन्तोष, तृप्ति का अभाव।

অত্যধিক, অত্যন্ত (-अ) वि—बहुत अधिक।

অত্যয় सं—नाश, मृत्यु ; अभाव ; अतिक्रमण।

অত্যল্প (-अ) वि—बहुत थोड़ा। [दुराचार।

অত্যাচার सं—पीड़न ज्यादती, जुल्म ;

অত্যাচারী वि—अत्याचार करने वाला ; दुराचारी।

অত্যাজ্য (-अ) वि—न त्यागने योग्य।

অত্যাবশ্যক वि—अधिक आवश्यक, बहुत जरूरी।

অত্যাশ্চর্য (-अ) वि—बहुत विलक्षण, बहुत आचम्भे का।

অত্যাসক্ত (-अ) वि—बहुत आसक्त।

অত্যাসক্তি सं—बहुत आसक्ति। [आसन्न।

অত্যাসন্ন (-अ) वि—बहुत निकट का, अति

অত্যাহার सं—अतिभोजन। অত্যাহারী वि—अतिभोजी। [अतिशयोक्ति।

অত্যুক্তি सं—बढ़ाचढ़ाकर कही हुई बात ;

অত্যুগ্র (-अ) वि—बहुत क्रोधी ; बहुत तीखा।

অত্যুজ্জ্বল वि—बहुत चमकीला, अति उज्ज्वल।

অত্যুৎকৃষ্ট (-अ), অত্যুত্তম वि—अति उत्तम, बहुत उमदा।

অত্যুষ্ণ (-अ) वि—बहुत गरम।

অত্র (-अ) क्रि वि—এখানে यहाँ, इस जगह। —ত্য (-अ) वि—এখানকার यहाँ का। —স্থ (-अ)=অত্রত্য।

অথ (-अ) क्रि वि—अनन्तर, बाद, पश्चात्। —ই वि—अगाध, बहुत गहरा। —চ (-अ) अव्य—তবুও तथापि, तोभी ; परन्तु। —বা अव्य—या, किंवा, अथवा। —র্ব (-अ) वि—जराग्रस्त। सं—अथर्व वेद।

অথৈ वि=অথই। [के अयोग्य।

অদণ্ডনীয় (-अ), অদণ্ড্য (-अ) वि—सजा

অদন सं—भोजन, भक्षण, खाने की क्रिया।

অদন্ত (-अ), অদন্তক वि—दन्तहीन, दाँतरहित।

অদমনীয় (-अ), অদম্য (-अ) वि—दमन के अयोग्य, अजेय ; बहुत प्रबल।

অদলবদল सं—परिवर्तन, हेरफेर।

অদহনীয় (-अ), অদাহ্য (-জ্ঝ-अ) वि—जलाने के अयोग्य।

অদিতি सं—पृथ्वी ; एक दक्ष-कन्या, देवमाता। —নন্দন सं—देवता।

অদিন सं—बुरा दिन, सकट का समय।

অদূর सं—थोड़ी दूर, निकट। —দর্শিতা सं—भविष्य दृष्टि का अभाव, नासमझी। —দর্শী वि—भविष्य न देख सकने वाला; नासमझ। —বর্তী वि—निकट का। —স্থ (-अ) वि=অদূরবর্তী। অদূরে क्रि वि—निकट, थोड़ी दूर पर।

অদূষিত(-अ)वि—दोषरहित, शुद्ध, पवित्र। [गायब।

অদৃশ্য (-अ) वि—न दिखाई पड़ने वाला;

অদৃষ্ট (-अ) वि—न देखा हुआ। स—भाग्य, नसीब, तकदीर।—ক্রমে क्रि वि—भाग्य से; अचानक। —চর, —পূর্ব (-अ) वि—पहले से न देखा हुआ। —পরীক্ষা (-क्षा) सं—भाग्य की परीक्षा। —বশতঃ क्रि वि—भाग्यानुसार, नसीब से। —বাদ सं—भाग्य से ही सब कुछ होता है ऐसा सिद्धांत। —বাদী वि, सं—भाग्यपर सम्पूर्ण भरोसा रखने वाला, भाग्यपरायण। —বান् वि—भाग्यवान्, किस्मतवर। [हुआ, अदृष्ट।

অদেখা (अदेखा) वि—अनदेखा, विना देखा

অদেয় (-अ) वि—देनेके अयोग्य।

অদ্ভুত वि—বিস্ময়কর विलक्षण, आश्चर्यजनक, अनोखा; बेढगा। —কর্মা वि—असाधारण कार्य करने वाला।

অদ্য (-अ) क्रि वि—आज; अब। —কার वि—আজিকার आजका। —তন वि—आज होने वाला, आज का, अभी का। —প্রভৃতি क्रि वि—आज से।

অদ্যাপি क्रि वि—আজও आज भी, अभी तक।

অদ্যাবধি क्रि वि—आज तक; आज से।

অদ্রি सं—पहाड़, शैल, पर्वत। [शान्ति।

অদ্রোহ (-अ) स—बैर का अभाव, अहिसा,

অদ্রোহী वि—अहिंसक, डाह न करने वाला।

অদ্বয় (अद्वय) वि—অদ্বিতীয়, अद्वितीय। सं—ब्रह्म। —বাদ सं—अद्वैतवाद, ब्रह्मवाद, एक ही ब्रह्म की कल्पना से ससार की सृष्टि ऐसा सिद्धान्त। —বাদী वि, सं—अद्वैतवादी।

অদ্বিতীয় (-अ) वि—वेजोड़, तुलना-रहित, एक ही; दूसरी-सत्ता-रहित। सं—ब्रह्म। একমেবাদ্বিতীয়ম্ वि—केवल एक ही, सर्वेसर्वा। सं—ससार का एकमात्र कारण ब्रह्म।

অদ্বৈত (-अ) वि—द्वितीय-रहित, अद्वितीय। सं—ब्रह्म। —বাদ सं=অদ্বয়বাদ। —বাদী वि, सं=অদ্বয়বাদী।

অধঃ क्रि वि—नीचे, तले, भीतर। —কাণ্ড(-अ) सं—पेड़ का जमीन के भीतर वाला तना। —কায় सं—शरीर का निचला भाग। —কৃত (-अ) वि—नीचे फेंका या उतारा हुआ; पराजित। —ক্রম सं—नीचे की ओर का सिलसिला, निम्नक्रम। —ক্ষিপ্ত (-क्षिप्त-अ) वि—नीचे फेंका हुआ; पेंदी में तलछट के रूप में जमा हुआ। —ক্ষেপ (-क्षेप) सं—তলানি तलछट। —ক্ষেপণ (-क्षेपन) सं—नीचे निक्षेप। —পতন सं—नीचे पतन, अवनति; दुर्दशा, नीचता, चरित्रहीनता। —পতিত वि—नीचे गिरा हुआ, अवनत, नीचता प्राप्त। —পাত सं=অধঃপতন। —পাতে যাওয়া क्रि—चरित्रहीन होना; आवारा हो जाना; भरसाईं में जाना; नष्ट होना। —পাতিত वि—नीचे गिराया हुआ। —পেতে वि—निर्लज्ज, वेहया, आवारा। —স্থ (-अ), —স্থিত (-अ) वि—नीचे का, निम्नस्थ।

অধম वि—नीच, बुरा, दुराचारी। [देनदार, ऋणी।

অধমর্ণ (-अ) सं—দেনাদার, খাতক कर्जदार,

অধমাঙ্গ (-अ) सं—नीचे का अंग, पैर।

অধমাধম वि—अधम से भी अधम।

অধর सं—नीचेका होंठ; ओठ। —পল্লব सं—

नया पल्लव-सा होंठ। —मधु,—रस,—सुधा,
अधरामृत (-अ) सं—थूक।
अधरोष्ठ (-अ) सं—नीचे का होंठ।
अधर्म (-अ) सं—अन्याय, पाप, कुकर्म।
—परायण वि—अन्यायी, पापी।
अधर्माचरण सं—दुराचार, पाप।
अधर्माचारी वि=अधर्मपरायण।
अधर्मी वि—अधार्मिक, पापी।
अधर्म्य (-अ) वि—धर्मविरुद्ध, पापजनक।
अधश्चर सं—चोर, सेंध लगाने वाला।
अधस्तन वि—निम्नस्थ, नीचे का (—कर्मचारी)।
—पुरुष सं—वंशज, नीचे की पीढ़ी।
अधार्मिक=अधर्मी।
अधिक वि—अधिक, बहुत, ज्यादा। —तम वि—सबसे अधिक। —तर वि—दो वस्तुओं में अधिक।
अधि (कृ) क्रि वि—आरও और भी, उसके ऊपर। —करण सं—आधार, पात्र, स्थान; दखल; अधिकरण कारक; विचारालय, न्यायालय (धर्माधिकरण)। —करणिक सं—विचारपति, न्यायाधीश। —कर्ता सं—निरीक्षक, अध्यक्ष, सचालक। —कांश सं—বেশীর ভাগ अधिक अंश, ज्यादा हिस्सा। —कार सं—स्वत्व, स्वामित्व, हक; दावा, दखल, कब्जा; प्रभुत्व; जानकारी, ज्ञान; शक्ति; इलाका। —कारगत (-अ) वि—अधिकार में प्राप्त। —कारच्युत (-अ), —कारभ्रष्ट (-अ) वि—अधिकारसे भ्रष्ट। —कारिणी स्त्री—मालकिन, स्वामिनी। —कारी सं—मालिक, स्वामी; दखील। वि—योग्य, अभिज्ञ। —कृत (-अ) वि—अधिकार में आया हुआ; प्राप्त। —कृति सं—अधिकार। —गत (-अ) वि—प्राप्त, ज्ञात। —गम सं—उपार्जन, आय; प्राप्ति, बोध। —गम्य (-अ), —गमनीय (-अ), —गन्तव्य (-अ) वि—प्राप्य, ज्ञेय, जानने योग्य, बोध्य। —जानु वि—घुटनों पर का। —त्यका—पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि। —देव,—देवता,—दैवत सं—इष्टदेव, कुलदेवता। —नायक सं—सरदार, नायक, चालक, मुखिया, सेनापति। —प (-अ), —पति सं—राजा, प्रभु। —वक्ता सं—वकील Advocate —वचन सं—नाम, पदवी, उपाधि। —विधि सं—समाप्ति, अन्त। —वर्ष सं—अंग्रेजी ३६६ दिन का वर्ष Leap year —वास सं—निवास, स्थिति,; मकान, डेरा; किसी पूजा या उत्सव के पूर्व दिनका कृत्य। —वासन सं—सुगन्धित करण। —वासित (-अ) वि—ठहराया हुआ, डेरा दिया हुआ; सुगन्धित किया हुआ। —वासी सं—निवासी, रहनेवाला। —विद्य (-अ) वि—विद्वान, पण्डित। —विद्या सं—अध्यात्म विद्या। —वेत्ता सं—एक पत्नी के रहते हुए दूसरी स्त्री से विवाह करने वाला पुरुष। —वेदन सं—एक स्त्री के रहते दूसरी से विवाह। —वेशन सं—सभा की बैठक। —मास सं—মলমাস अधिक मास। —रथ सं—सारथि; सेनापति। —राज सं—महाराजा, सम्राट। —राष्ट्रीय (-अ) वि—সার্বরাষ্ট্রিক अन्तर्राष्ट्रीय। —रूढ़ (-अ) वि—आरुढ़, चढ़ा हुआ। —रोपण सं—चढ़ाना, ऊपर बैठाना। —रोपित (-अ) वि—चढ़ाया हुआ। —रोहण सं—आरोहण। —रोहणी सं—सिंड़ि सोपान, सीढ़ी। —रोहिणी सं—आरोहिणी, सवार स्त्री। —रोही स—आरोही, सवार। —शयित (-अ) वि—लेटा हुआ। —शायित (-अ) वि—लिटाया हुआ। —ष्ठाता सं—सभापति, अध्यक्ष; बैठा हुआ आदमी। —ष्ठात्री सं—सभानेत्री, अध्यक्षा; बैठी हुई स्त्री; इष्टदेवी। —ष्ठान सं—अवस्थिति,

रहने का स्थान ; नगर ; उपवेशन । —ষ্ঠায়কবর্গ (-अ) सं—अधिकारी लोग । —ষ্ঠিত (-अ) वि—अवस्थित, बैठा हुआ, स्थापित, नियुक्त ।

অধী (ত) (-अ) वि—पठित, पढ़ा हुआ । —ন वि —मातहत, अधीन, आश्रित । —নতা सं—अधीनता, मातहती । —না स्त्री—अधीन स्त्री । —য়ান वि—पढ़नेवाला, छात्र, विद्यार्थी ; विद्वान । —র वि—अस्थिर चंचल, आतुर, व्याकुल । —রতা सं—अस्थिरता चचलता, व्याकुलता, घबराहट । —শ, —শ্বর सं—अधिपति, महाराजा, प्रभु, मालिक ।

অধুনা क्रि वि—আজকাল, সম্প্রতি आजकल, इन-दिनों, अभी । —তন वि—आजकल का, आधुनिक ।

অধৃষ্য (-अ) वि—अजेय, न जीतने योग्य ।

অধৈর্য্য (-अ) सं—अधीरता, चचलता, बेचैनी । वि—अधीर, बेचैन, व्याकुल ।

অধো (গত) (-अ) वि—नीचे गिरा हुआ, उतरा हुआ । —গতি स—अवनति, पतन, दुर्दशा । —গমন सं=অধোগতি । —গামী वि—नीचे जानेवाला, उतरने वाला । —দৃষ্টি सं—नीचे की ओर नजर, निम्न दृष्टि । —দৃষ्टিতে क्रि वि—नीचे की ओर देखते हुए । —বদন,—মুখ वि—नीचे की ओर मुंह किया हुआ, सिर झुकाया हुआ ; औंधा , उदास । —মুখে क्रि वि=অধোদৃষ্টিতে । —লোক सं—पाताल ।

অধ্য (ক্ষ) (-क्ख-अ) सं—अध्यक्ष, कर्ता, सचालक, नायक ; कर्मचारी (কোষাধ্যক্ষ) । —ক্ষতা सं—अध्यक्ष का पद , सचालन, प्रबन्ध, इन्तजाम । —বসায় सं—অবিরাম চেষ্টা लगातार प्रयत्न, उद्योग । —বসায়ী वि—लगातार प्रयत्न करने वाला, उद्योगी । —য়ন सं—পাঠ पाठ, पठन, पढ़ाई । —স্ত (-अ) वि—एक में दूसरे का आरोप किया हुआ, जैसे, रस्सी में साँप ।

অধ্যা (ত্ম) (-त्त-अ) वि—आत्मा सम्बन्धी, पारमार्थिक । —পক सं—शिक्षक, उपाध्याय, आचार्य । —পন, —পনা सं—शिक्षादान, शिक्षण । —পিকা स्त्री—शिक्षयित्री । —পিত (-अ) वि—पढ़ाया हुआ । —য় सं—গ্রন্থের পরিচ্ছেদ अध्याय, प्रकरण । —রূঢ (-अ) वि—चढ़ा हुआ, सवार । —রোপ, —স सं—एक में दूसरे का आरोप, जैसे रस्सी में साँप का भान । —সন सं—उपवेशन, आरोपण । —সিত (-अ) वि=অধ্যস্ত । —সীন वि—अधिष्ठित, उपविष्ट, बैठा हुआ । —হার,—হরণ सं—दूसरे के लेख या वाक्य का उल्लेख, उद्धरण । —হার্য্য (-र्ज-अ) वि—उद्धरण-योग्य । —হৃত (-अ) वि—उद्धृत । [किया हुआ inhabited.

অধ্যুষিত (-अ) वि—अवस्थित, अधिष्ठित, वास

অধ্যেতব্য (-अ) वि—पठनीय, पाठ के योग्य ।

অধ্যেতা सं—पाठक, छात्र, विद्यार्थी ।

অধ্রুব (-अ) वि—अनित्य, अनिश्चित, अस्थायी । स—अनित्य वस्तु ।

অধ্বর (अद्धर) सं—यज्ञ ।

অধ্বর্যু सं—ऋत्विक, यज्ञ करने वाला ।

অন্—स्वर के पहले बैठने वाला निषेध अभाव आदि सूचक उपसर्ग ; जैसे—অনন্ত, অনাবশ্যক, অনুচিত, অনেক, অনৈতিক आदि ।

অন (ক্ষর) (-क्खर) वि—নিরক্ষর अपढ़, अशिक्षित । —ঘ (-अ) वि—पाप-रहित, निष्पाप , निर्म्मल, पवित्र । —ঙ্গ (-अ) सं—कामदेव, कन्दर्प । —চ্ছ (-अ) वि—अनिर्मल, मैला । —টন सं—अभाव, कमी । —ড় वि—अचल, स्थिर । —পত্য (-अ) वि —निस्सन्तान, सन्तानहीन, बेऔलाद । —পেক্ষ (-क्ख अ) वि—अपेक्षा-रहित,

নিরপেক্ষ। —বকাশ सं—अवकाश का अभाव। —বদ্য (-अ) वि—दोष-रहित, निर्मल, साफ, पवित्र। —বধান वि—असावधान, लापरवाह। —বধানতা सं—असावधानता, लापरवाही। —বরত (-अ) क्रि वि—लगातार, निरन्तर। —বসর सं=অনবকাশ। —বহিত (-अ) वि=অনবধান। —ভিজ্ঞ (-अ) वि—अनुभव-रहित, अनाड़ी। —ভিজ্ঞতা सं—अनाड़ीपन, अनुभवहीनता। —ভিপ্রেত (-अ) वि—अवांछित। —ভিমত (-अ) वि=অনভিপ্রেত। —ভিলষিত (-अ) वि=অনভিপ্রেত। —ভিলাষ सं— इच्छा का अभाव। —ভিলাষী वि—अनिच्छुक। —ভ্যস্ত (-अ, वि—अभ्यासरहित। —ভ্যাস सं—अभ्यास का अभाव। —র্গল वि—बाधारहित, अनर्गल, बेरोकटोक। —র্থ (-अ) सं—अमगल, अनिष्ट, गलत अर्थ। वि—अर्थहीन; तुच्छ। —র্থক क्रि वि—শুধুশুধু वृथा, निरर्थक। —র্থপাত सं—विपत्ति, आफत का गिरना। —লস वि—आलस्यरहित, फुर्तीला। —ল্প (-अ) वि—बहुत, अधिक, ज्यादा। —শন सं—उपवास, लंघन, फाका। —শ্বর (-শ্বার) वि—नष्ट न होनेवाला, नित्य।

অনতি (-কাল) सं—अल्प काल, थोड़ा समय। —ক্রমণীয় (-अ), —ক্রম্য (-अ) वि—लाँघने के अयोग्य। —ক্রান্ত (-अ) वि—न लाँघा हुआ। —দীর্ঘ (-अ) वि—बहुत लम्बा नहीं, छोटा। —দূর सं—बहुत दूर नहीं, अल्प दूर। —দূরবর্তী वि—बहुत दूर का नहीं, निकट का। —দূরে क्रि वि—थोड़ीदूरपर। —পূর্বে क्रि वि—बहुत पहलेनहीं, अल्प समय पहले। —বিলম্ব (-अ) सं—बहुत विलम्ब नहीं। —বিলম্বে (-अ) क्रि वि—बहुत देर से नहीं, अति शीघ्र। —বিস্তৃত (-अ) वि—बहुत फैला हुआ नहीं।

অনধিক (-ক) वि—अल्प, थोड़ा; अन्दर (দশ টাকার—)। —কার सं—अधिकार का अभाव, अधिकार का न होना। —কার-চর্চা सं—बिना अधिकार चर्चा। —কার-প্রবেশ सं—बिना अधिकार प्रवेश। —কারী वि—अधिकारहीन; अयोग्य। —কৃত (-अ) वि—अधिकार न किया हुआ; न जीता हुआ। —গত (-अ) वि—न पढ़ा हुआ; न पहुँचा हुआ। —গম্য (-अ) वि—न जानने योग्य, अज्ञेय; न जाने योग्य।

অনধীত (-अ) वि—न पढ़ा हुआ।

অনধীন वि—स्वाधीन, स्वतन्त्र, आजाद।

অনধ্যায় सं—शास्त्र न पढ़ने-पढ़ाने का दिन।

অননু (করণীয়) (-अ) वि—नकल करन के अयोग्य। —মত (-अ) वि—आदेश न दिया हुआ। —মেয় (-अ) वि—अनुमान से निर्णय करने के अयोग्य। —ষ্ঠিত (-अ) वि—न किया हुआ, अकृत।

অনন্ত (-अ) वि—अन्तहीन, असीम, बेहद; नित्य। सं—बाँह का एक गहना; विष्णु, बलदेव, शेषनाग, ब्रह्म। —চতুর্দশী, —ব্রত (-अ) सं—अनन्तचौदस। —মূল सं—एक जड़ी, गौरीसर। —র क्रि वि—তাহার পর उसके बाद।

অনন্য (-अ) वि—अन्य से सम्बन्ध न रखनेवाला, एकनिष्ठ, अभिन्न। —চিত্ত (-अ) वि—एक ही ओर चित्त लगा हुआ, एकाग्र। —মনা वि—दूसरी ओर मन न लगा हुआ, एकाग्र-चित्त। —সাধারণ वि—असाधारण; खास; अनोखा। অনন্যোপায় वि—अन्य उपाय रहित; असहाय।

অনল सं—अग्नि, आग।

অনা (গত) (-अ) वि—न आया हुआ, अनुपस्थित; भावी। —চার सं—दुराचार; बुरा बरताव। —চারী वि—दुराचारी। —ছিষ্টি वि—बेढब,

अनोखा (बुरे अर्थ में)। —टन सं=अनटन। —ड़म्बर वि—आडम्बर-रहित। —त्मीय (-त्तीय-अ) वि—सम्बन्धहीन, नाता-रहित। —थ वि—अनाथ, यतीम। —था, थिनी वि,स्त्री—नाथहीना, विधवा। —दर सं—स्नेहका अभाव, उपेक्षा, असम्मान, बेइज्जती। —दाय सं—बेवसूली। वि—बाकी। —दायी वि—बाकी। —दि वि—जन्मरहित, आदिहीन। —दृत (-अ) वि—उपेक्षित, बेइज्जत। —वश्यक वि—प्रयोजन-रहित, गैरजरूरी। —विल वि—निर्मल, साफ, निर्दोष। —विष्कृत (-अ) वि—आविष्कार न किया हुआ। —विष्ट (-अ) वि=अमनोयोगी। —वृत (-अ) वि—न ढँका हुआ, खुला। —वृत्ति सं—आवृत्ति का अभाव, अनभ्यास। —वृष्टि सं—वृष्टि का अभाव, सूखा। —मय सं—रोग का अभाव, निरामय। —मा वि—नामरहित, गुमनाम। —मिका सं—छोटी उंगली के बगल वाली उंगली, अनामिका। —मुख (-अ), —मुखो वि—मनहूस चेहरा वाला। —यत्त (-अ) वि—कब्जे में न आया हुआ, अप्राप्त। —याम सं—प्रयास का अभाव, अल्प परिश्रम। —यासे क्रि वि—अनायास। —रोग्य वि—आराम होने के अयोग्य, असाध्य। —र्य (-र्ज-अ) वि—आर्य जाति से भिन्न। सं—अनार्य, नीच जाति। —लोचित (-अ) वि—आलोचना न किया हुआ, अपठित। —लोचनीय (-अ), —लोच्य (-अ) वि—आलोचना के अयोग्य। —श्रमी वि—गार्हस्थ्य आदि चारों आश्रमों से रहित। —सक्त (-अ) वि—निर्लिप्त, अनुराग-रहित। —शृष्टि वि=अनाछिष्टि। —स्था सं—अविश्वास, उपेक्षा। —स्वादित (-श्शादित-अ) वि—स्वाद न लिया हुआ। —स्वादितपूर्व (-अ) वि—पहले स्वाद न लिया हुआ। —हत (-अ) वि—आघात अप्राप्त। सं—बिना आघात सुनाई पड़ने वाला शब्द। —हत चक्र सं—योग-शास्त्र के अनुसार शरीर के भीतर के छः चक्रों में से एक। —हार सं—उपवास, फाका। —हारी वि—उपवासी। —हारे क्रि वि—उपवास में, बिना भोजन। —हूत (-अ) वि—न बुलाया हुआ, अनिमन्त्रित।

अनिच्छा सं—अनिच्छा, अरुचि, असम्मति, आपत्ति। —कृत (-अ) वि—अनिच्छा से किया हुआ। —सत्त्वेও क्रि वि—इच्छा न रहते हुए भी।

अनिच्छुक वि—इच्छाहीन, पराङ्मुख।

अनित्य (-अ) वि—अस्थायी, नश्वर, नाशवान।

अनिद्र (-अ) वि—निद्राहीन; चौकस।

अनिद्रा सं—निद्रा का अभाव, निद्राहीनता।

अनिन्दनीय (-अ) वि—निन्दा के अयोग्य; उत्तम, सुन्दर।

अनिन्दित (-अ) वि—निन्दा न किया हुआ।

अनिन्द्य (-अ) वि=अनिन्दनीय। —सुन्दर वि—अत्यन्त सुन्दर।

अनिपुण वि—अदक्ष, अनाड़ी।

अनिवार क्रि वि—बार बार, लगातार, निरन्तर।

अनिवार्य (-र्ज-अ) वि—रोकने के अयोग्य, अवश्य लेने रखने या मानने योग्य।

अनिमन्त्रित (-अ) वि=अनाहूत।

अनिमेष वि=अपलक।

अनियत (-अ) वि—अनिश्चित, अस्थिर।

अनियन्त्रित (-अ) वि—प्रतिबन्ध-रहित, बिना रोक-टोक का, मनमाना।

अनियम सं—नियम का अभाव, अव्यवस्था।

अनियमित (-अ) वि—नियम-रहित, बेकायदा।

अनिर्दिष्ट (-अ) वि—अनिश्चित, अनिर्धारित।

अनिर्वचनीय (-अ), **अनिर्वाच्य** (-अ) वि—वर्णनातीत, बोलने के अयोग्य, अकथनीय।

अनिर्म्मल वि—मैला, गन्दा, मलिन।

অনিল सं—वायु, पवन, हवा। —সখ (-অ) सं—वायु का सहचर, अग्नि, आग।

অনিশ্চয় सं—निश्चय का अभाव, सन्देह। —তা, —ত্ব (অ) सं—निश्चय का अभाव, सन्दिग्धता।

অনিশ্চিত (-অ) वि—सन्देहयुक्त, अनिर्दिष्ट, सन्दिग्ध।

অনিষ্ট (-অ) सं—हानि, क्षति, अपकार, अहित, अमंगल। वि—अनचाहा, अनभिलषित। —কর, —জনক वि—हानिकारक, अमंगलजनक। —কারক वि—हानिकारक, नुक़सान पहुँचाने वाला। —পাত सं—दुर्दैव, आपत्ति, आफ़त का गिरना। [पहुँचाना।

অনিষ্টাচরণ सं—हानि करना, नुक़सान

অনিষ্টাশঙ্কা सं—हानि की शंका।

অনীক सं—सेना, फ़ौज; सैनिक।

অনীকিনী सं—सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ पैदल सिपाही हों। [अन्धेर; चरित्रहीनता।

অনীতি सं—नीति का अभाव, अन्याय,

অনীশ্বর वि—नास्तिक, ईश्वर को न मानने वाला। —বাদ सं—नास्तिकता, ईश्वर पर अविश्वास। —বাদী वि—नास्तिक।

অনু (কম্পা) सं—दया, कृपा, मेहरबानी, हमदर्दी। —করণ सं—नकल, देखा देखी कार्य; अनुसरण। —করণীয় (-অ) वि—नकल करने योग्य। —কল্প (-অ) सं—गौण कल्प, मुख्य नियम का व्यतिक्रम, विकल्प। —কার सं=অনুকরণ। —কার-শব্দ सं—ध्वनि के अनुरूप शब्द; जैसे—ফটফট, শনশন (सनसन) आदि। —কারী वि—अनुकरण करने वाला; सदृश। —কার্য (-র্জ-অ) वि—अनुकरण करने योग्य। —কীর্তন सं—घोषणा, बाद में वर्णन। —কূল वि—अनुरूप, सहायक; सदय। —কূলতা सं—सहायता, दया। —কৃত (-অ) वि—नकल किया हुआ, अनुसृत। —কৃতি सं=অনুকরণ। —ক্ত (-অ) वि—न कहा हुआ, अकथित। —ক্রম सं—क्रम, सिलसिला। (বর্ণানুক্রমে—अक्षर क्रमसे)। —ক্রমণ सं—अनुसरण। —ক্রমণিকা सं—भूमिका, अवतरणिका, विषय-सूची। —ক্ষণ (-ক্খন) क्रि वि—सदा, हर समय, निरन्तर। —গ (-অ) वि, सं—अनुगामी, अनुयायी, सेवक, चेला, पीछे चलने वाला। —গত (-অ) वि—आश्रित, वशीभूत; बाध्य, आज्ञाकारी। —গমন सं—সহমরণ मृत पति के साथ विधवा पत्नी का जल मरना; अनुसरण, पीछे गमन। —গামী वि—पीछे चलने वाला, अनुयायी, अनुसरण करने वाला, सहयात्री। —গৃহীত (-অ) वि—उपकृत, कृपाप्राप्त, कृतज्ञ। —গ্রহ (-অ) सं—कृपा, दया; रिआयत; सहायता। —গ্রহকারী वि—कृपालु, अनुग्राहक। —গ্রহপূর্বক क्रि वि—कृपया, कृपापूर्वक। —গ্রাহক वि अनुग्रह करनेवाला। —চর वि—साथ चलनेवाला। सं—सेवक, नौकर, चेला। —চরী स्त्री—दासी, नौकरानी, सेविका। —চিকীর্ষা सं—नकल करने की इच्छा। —চিকীর্ষু वि—नकल करने के इच्छुक। —চিত वि—अन्याय, नामुनासिब; बुरा। —চিন্তন, —চিন্তা सं—पीछे चिन्ता, बादका विचार, सदा चिन्तन। —চ্চ (-অ) वि—अल्प उच्च, थोड़ा ऊँचा। —চ্চারিত (-অ) वि—उच्चारण न किया हुआ। —চ্চারণীয় (-অ), —চ্চার্য (-র্জ-অ) वि—उच्चारण के अयोग्य। —চ্ছেদ सं—छोटा परिच्छेद, अध्याय का एक अंश। —জ सं—छोटा भाई। —জা स्त्री—छोटी

আলান (-নো), আলানো (क्रि परि १०)—ক্লান্ত করানো थकाना; নষ্ট করানো नष्ट कराना।

আলাপ सं—बातचीत, आलाप; परिचय (তার সঙ্গে আমার—আছে)। —পরিচয় सं—मेल-मुलाकात, जान-पहचान। —ন सं—आलाप-करण, बातचीत। আলাপী वि—परिचित, मुलाकाती; मिलनसार। [ফলান)।

আলাল वि—दौलतमन्द, धनी (আলালের ঘরের

আলাহিদা, আলাহিদা वि=আলাদা।

আলি, আলী सं—आल मेंड़; सखी, सहेली, श्रेणी, पाँति; भौंरा।

আলিংগন, আলিঙ্গন सं—आलिंगन। আলিংগিত, আলিঙ্গিত (-अ) वि—आलिंगन किया हुआ, छातीसे लगाया हुआ।

আলিঞ্জর सं—जाला मिट्टीका कुंडा, बड़ा मटका।

আলিন্দ (-अ) सं—मकानके सामने वाला बाहरी बरामदा या चबूतरा।

আলিপনা, আলিম্পন सं=আলপনা।

আলিসা, আলসে (आल्शे) सं—छत परकी किनारे वाली दीवार; दीवारसे बाहर निकला हुआ छतके पास वाला किनारा, कारनीस cornice.

আলী सं=আলি।

আলু सं—आलू (গোল—, গোলালু, শাকালু)। —থালু वि—बिखरा हुआ, खुला, न संवारा हुआ (—কেশ, —বেশ)। —নী वि—विना नमक का, लवण-रहित, फीका (खाद्य पदार्थ)। —বোখারা सं—आलूबुखारा। —লায়িত (-अ) वि—এলানো मुक्त, खुला (-কেশ)।

আলেখ্য (-अ) सं—चित्र, प्रतिरूप, चित्रित मूर्त्ति, तसवीर। वि—लिखनेके योग्य।

আলেম वि—विद्वान, পণ্ডিত।

আলেয়া सं—दलदलमें उत्पन्न होने वाला जगमाता प्रकाश will-o-the-wisp, marsh gas.

আলো स—प्रकाश, ज्योति, रोशनी, दीया, लालटेन। আলোয় আলোয় क्रि वि—दिन का प्रकाश रहते रहते। —আঁধারি सं—आधी छाया आधा प्रकाश, धूप छाँह।

আলো अव्य—ওলো सखी-सम्बोधन (—সই)।

আলোক सं—प्रकाश, रोशनी, ज्ञान। উদীচ্যালোক सं—उत्तर-ध्रुवकी प्रकाश-धारा, उत्तरी मेरु-ज्योति Aurora Borealis. সূর্য্যালোক सं—सूर्यका प्रकाश। —গৃহ (-अ) सं—रोशनी-घर, समुद्रमें प्रकाश-स्तम्भ Light-house. —চিত্র (-अ) सं—अक्सी तसवीर Photograph —চিত্রণ सं—अक्सी तसवीर खींचनेकी कला Photography. —বিজ্ঞান, —বিদ্যা सं—प्रकाश-विज्ञान optics —স্তম্ভ (-अ) सं—रोशनी-घर, Light-house.

আলোকিত (-अ) वि—प्रकाशित, रोशन।

আলোচক वि—आलोचना करने वाला।

আলোচনা सं—आलोचना, चर्चा; जाँच।

আলোচনীয় (-अ), আলোচ্য (-अ) वि—आलोचनाके योग्य। আলোচিত (-अ) वि—समालोचित; परीक्षित, पठित।

আলোচাল सं—आतप তণ্ডুল अरवा चावल।

আলোড়ক वि—मथने वाला, हिलाने वाला।

আলোড়ন सं—मन्थन, हिलाव, आन्दोलन, मिश्रण (মস্তিষ্ক—করা, दिमाग लड़ाना)।

আলোনা वि—बिना नमकका, बिस्वाद, फीका।

আলোয়ান सं—अलवान, पशमी चादर।

আলোহিত (-अ) वि—कुछ लाल।

আল্লা सं—अल्लाह, खुदा, ईश्वर।

আশ सं—आशा, वासना, इच्छा; भोजन।

আঁশ सं=আঁইশ।

আশংসা सं—आशा, प्रतीक्षा, इच्छा; सम्भावना। আশংসিত (-अ) वि—इच्छित; सम्भावित।

আশক वि—आशिक, प्रेमी।

আশকারা (आश्-) सं—प्रश्रय बच्चों या स्त्रियों की अनुचित जिद का पूरा करना, मुँह लगाना, सिर चढ़ाना over-indulgence

আশঙ্কনীয় (-अ) वि—शंकाके योग्य; भयानक।

আশঙ্কা स—शका, भय, डर; सन्देह। —ঙ্কিত (-अ) वि—शंका-युक्त, डरा हुआ, भयभीत।

আশনাই সং—পরিচয় परिचय, जानपहचान, आशनाई, प्रेम, इश्क।
আশপাশ क्रि वि—आसपास, इर्दगिर्द।
আশপাশে, আশে পাশে क्रि वि—आसपास।
আশরফি, আশর্ফি सं—মোহর मुहर, अशर्फी।
আশা सं—आशा, आकांक्षा; भरोसा (—করা, —দেওয়া, —রাখা), गदा, आसा, चोपदारका डंडा। —তিরিক্ত (-अ), —তীত (-अ) वि—आशासे अधिक। —নুরূপ वि—आशाके अनुरूप। —ন্বিত (-अ) वि—आशायुक्त, आशापूर्ण। —পথ सं—आशाकी राह (—চাহিয়া থাকা)। —ভঙ্গ (-अ) सं—आशाका टूटना, हताशा, नैराश्य। —ভরসা सं—आशा-भरोसा। —সোঁটা सं—आसा, गदा, चोपदारका डंडा।
আশি, আশী सं, वि—अस्सी, ८०।
আশীবিষ सं—सर्प साँप।
আশীর্বচন, আশীর্বাদ सं—आशिष, दुआ।
আশীর্বাদক वि, स—आशिष देनेवाला।
আশু वि—शीघ्र, तुरन्त (—তোষ, महादेव)। —গ (-अ) स—वाण, तीर; वायु। वि—तेज दौड़ने वाला। —ধান্য (-अ) सं—আউশ ধান भाद्र-आश्विनमें पकने वाला धान।
আশৈশব क्रि वि—बचपनसे।
আশ্চর্য (आश्चर्य -अ) स—आश्चर्य, अचम्भा, विस्मय, ताज्जुब (সে—হইয়াছে, वह आश्चर्यान्वित हुआ है)। वि—आश्चर्यजनक।
আশ্ব (आश्व -अ) सं—अश्व-शक्ति Horse-power. [उत्साहित।
আশ্বস্ত (आश्वास्त -अ) वि—ढाढ़स-प्राप्त,
আশ্বাসন (आश्वाशन) सं—तसल्ली, ढाढ़स, सान्त्वना।
আশ্বিন (आश्शिन) सं—आश्विन, कुआर।
আশ্রম (आस्सम) सं—आश्रम; तपोवन। —পীড়া सं—आश्रम या तपोवनमें अशान्ति।
আশ্রয় (आस्सय) सं—आश्रय, आधार, सहारा; शरण, पनाह, घर, निवासस्थान। —ণীয় (-अ) वि—आश्रय ग्रहण करनेके योग्य, ग्रहणीय। —পুষ্ট (-अ) वि—किसीके आश्रयसे पुष्ट।
আশ্রিত (आस्तित -अ) वि—आश्रित, किसीके आश्रयमें रहनेवाला। —বৎসল वि—आश्रितों पर कृपालु। —বাৎসল্য (-अ) सं—आश्रितों पर कृपा।
আশ্লিষ্ট (-अ) वि—आलिंगित, गले लगाया हुआ। আশ্লেষ स—आलिंगन; संयोग।
আষ সं=আমিষ।
আষাঢ় सं—असाढ़।
আষাঢ়ে वि—वर्षा-ऋतुका; लम्बा, खतम न होने वाला। —গল্প स—वृथा गपशप; कल्पित कहानी।
আষ্টে-পৃষ্ঠে क्रि वि—আটে-পিঠে आठों अंगोंमें, सारे शरीरमें; सब ओरसे।
আসওয়ার (आसवार) स—सवार, अश्वारोही।
আসক্ত (-अ) वि—अनुरक्त, मोहित। আসক্তি सं—आसक्ति, अनुरक्ति, लगन, चाह, प्रेम।
আসঙ্গ (आशग -अ) स—मिलन, संयोग; भोग (-লিপ্সা)। [(—মাসে)।
আসছে (आश्छे) वि—आगामी, आने वाला
আসত্তি स—समीपता; मिलन; लाभ।
আসন स—आसन, चौकी, चटाई; स्थिति। —পিঁড়ি सं—पैरके ऊपर पैर रख कर बैठनेका एक ढंग, पलथी।
আসন্ন (-अ) वि—समीपस्थ, निकटका। —কাল सं—मृत्युका समय। —প্রসবা वि स्त्री—जिस स्त्री या स्त्री-पशुका अभी प्रसव होने वाला हो।

আসব (आशव) सं—शराब, मदिरा, ताड़ी। आসবিক वि—मदिरा-सम्बन्धी।

আসমুদ্র (-अ) क्रि वि—समुद्र तक, समुद्र-सहित।

আসর सं—सभास्थान, मजलिस; नाट्यालय, रंगमच। —গরম করা क्रि—सभामें जोशीला भाषण देना। —জমা क्रि—सभा भर जाना, सभा पर प्रभाव पड़ना। আসরে নামা क्रि—रंगमच पर उतरना।

আসল वि—मूल, असल, यथार्थ, खरा, सत्य। सं—मूलधन, पूँजी। —কথা सं—असली बात, सत्य घटना, सार तत्त्व। আসলে क्रि वि—एकदम, बिलकुल; असलमें, यथार्थतः।

আসা (आशा) (क्रि परि २) —आना, उपस्थित होना; हाजिर होना (বাহিরে—, স্কুলে—), अभ्यास रहना (নাকানো আসে না), उपयोगी होना (নেকড়াও সময়ে কাজে আসে)। सं—आना, आगमन (যাওয়া আসাই সার, जाना-आना निरर्थक है)।

আসান सं—आराम, शान्ति, सुगमता, विश्राम; रिहाई, समाप्ति (মুস্কিল—)। वि—सहज, आसान।

আসামী सं—अपराधी, मुजरिम; कर्जदार आदमी; आसाम देशकी भाषा; आसाम देशका निवासी। [प्रवाह (নয়ন—)।

আসার सं—वृष्टिপাত बारिश; जलधारा जलका

আসীন वि—बैठा हुआ, उपविष्ट (সুখাসীন)।

আসুর, আসুরিক वि—असुरका, असुर-सम्बन्धी, जंगली; निर्दयी।

আসোয়ার सं—सवार, अश्वारोही।

আস্কারা (आस्कारा) सं=आশকারা।

আস্কে (आस्के) सं—পিষ্টকবিশেষ एक तरहका पिष्टक जो पानीमें घोले हुए चावल-चूर्णको सेंक कर पकाया जाता है।

আস্ত (आस्त -अ) वि—অখণ্ড, গোটা साबूत, अखण्ड (—মাউ); निरा (—বোকা)।

আস্তর (आस्तर) सं—अस्तर; पलस्तर; बिछौनेकी चादर।

আস্তরণ (आस्तरन) सं—बिछावन, बिछौने की चादर; कालीन गालीचा आदि।

আস্তানা (आस्ताना) सं—अस्ताना, आश्रम।

আস্তাবল (आस्ताबल) सं—अस्तबल, तबेला।

আস্তিন (आस्तिन) सं—आस्तीन; बाँह; बाँहका कपड़ा (—গুটাইয়া মারিতে উদ্যত)।

আস্তীর্ণ (आस्तीर्न -अ), আস্তৃত (-अ) वि—विस्तृत, फैला हुआ, बिखेरा हुआ।

আস্তে (आस्ते) क्रि वि—ধীরে धीरे, आहिस्ता। —ব্যস্তে क्रि वि—हड़बड़ीके साथ। —সুস্থে क्रि वि—धीरे धीरे, आरामसे, फुरसतमें।

আস্থা (आस्था) सं—विश्वास, श्रद्धा, भरोसा, निष्ठा। [प्राप्त।

আস্থিত (आस्थित-अ) वि—विस्तृत, स्थापित;

আস্পদ (आश्पद) स—पात्र (স্নেহাস্পদ, প্রেমাস্পদ), स्थान, जगह, आधार।

আস্পর্দ্ধা (आश्पर्धा) सं—स्पर्धा, गर्व, घमण्ड, ढिठाई, ललकार, प्रतिद्वन्द्विता।

আস্ফালন (आश्फालन) स—दम्भ, घमण्ड; ललकार।

আস্ফোট (आश्फोट) सं—एक हाथसे दूसरी बाँह पर चपेट जिससे जोरका शब्द निकले; आघातका शब्द।

আস্বাদ (आस्शाद) सं—स्वाद, मजा। —ন सं—स्वाद ग्रहण, सुखानुभव। —নীয় (-अ) वि—स्वाद ग्रहण योग्य। আস্বাদিত (-अ) वि—स्वाद गृहीत, चाखा हुआ। আস্বাদু वि—स्वादिष्ट, मीठा।

আস্য (आश्य-अ) सं—मुह, मुख, चेहरा (পূর্বাস্যে, पूरबकी ओर मुख रख कर)।

আহত (-अ) वि—घायल, आहत, ध्वनित, गुणीकृत (বজ্রাহত वि—बिजलीसे घायल। বাতাহত वि—हवाका मारा। মর্মাহত वि—हृदयमें चोट लगा हुआ)।

আহব सं—युद्ध, लड़ाई; होम, हवन। —নীয় (-अ) वि—हवन करनेके योग्य। सं—होमाग्नि।

আহরণ सं—संग्रह, ग्रहण। আহরণীয় (-अ) वि—संग्रह करने योग्य। আহর্তা वि, सं—संग्रह करने वाला।

আহা अव्य—हाय, अहा, आहा (—করা, दुःख या शोक प्रकट करना)। —মরি अव्य—क्या खूब! कैसा सुन्दर!

আহাম্মক वि—अहमक, बेवकूफ (বেহদ্দ—)।

আহাম্মকি सं—बेवकूफी, मूर्खता। [আহাম্মকভাবে)।

আহার सं—खाद्य, भोजन, खाना (—বিহার,

আহার্য (आहार्य्य-अ) सं—खाद्य वस्तु खानेकी चीज। वि—खाने योग्य, संग्रहणीय।

আহিত (-अ) वि—स्थापित, संलग्न, आसक्त, अनुरक्त।

আহিতুণ্ডিক सं—সাপুড়ে सँपेरा, मदारी।

আহীর सं—अहीर, ग्वाला।

আহুত (-अ) वि—हवनमें प्रदत्त, उत्सर्गीकृत।

আহুতি सं—आहुति, होम, हवन (ঘৃতাহুতি)।

আহূত (-अ) वि—निमन्त्रित (অনাহূত, अनिमन्त्रित। রবাহূত, शब्द सुनकर आगत)।

আহৃত (आहृत-अ) वि—संगृहीत, एकत्रित, घृत।

আহ্নিক (आह्निक) वि—दैनिक, रोजाना। —কৃত্য सं—नित्यकर्म, सन्ध्या-वन्दन पूजा-पाठ आदि।

আহ্বান (आह्वान) सं—बुलाहट, निमन्त्रण; पुकार। আহ্বায়ক वि—बुलाने वाला; ललकारने वाला।

আহ্লাদ (आह्लाद) सं—आनन्द, हर्ष (আহ্লাদে আটখানা, अत्यन्त आनन्दके कारण आपेसे बाहर); लाड़ दुलार (ছেলেকে বেশী—দিও না, सिर न चढ़ाओ)। আহ্লাদিত (-अ) वि—आनन्दित, उत्फुल्ल, खुश। আহ্লাদী वि—आनन्दित। सं—आराम-तलब विलासी मोटी औरत; दुलारी स्त्री। আহ্লাদে वि—अधिक आदर प्राप्त, दुलारा, सिर-चढ़ा (—কানাই, —গোপাল)।

ই

ই अव्य—ही, सिर्फ, केवल (তোমাকেই, तुमको ही); निश्चय (আমি যাইবই যাইব); शायद (নইলেই বা)।

ইউনানী वि—यूनानी।

ইউরেশিয়ান सं—यूरेशियन, फिरंगी Eurasian.

ইংরাজ, ইংরেজ सं—अंग्रेज। ইংরাজী, ইংরেজি, ইংরেজী सं—अंग्रेजी भाषा। वि—अंग्रेजी, अंग्रेज-सम्बन्धी।

ইঃ अव्य—विस्मय दुःख अधीरता आदि भाव-[सूचक शब्द।

ইক্ষু (इक्षु) सं—আখ ऊख, गन्ना।

ইঙ্গবঙ্গ (-अ) सं—अंग्रेजोंकी चाल-ढालकी नकल करने वाले बंगाली।

ইঙ্গিত सं—ইশারা इशारा, संकेत। ইঙ্গিতে क्रि वि—इशारेसे।

ইঁচড় सं—এঁচড় कच्चा कटहल। ইঁচড়ে পাকা वि—छोटी अवस्थामें पका, अकालपक्व; बचपनमें बूढ़ों सा बर्ताव या बात करने वाला।

ইচ্ছা, ইচ্ছে सं—इच्छा, अभिलाषा, आकांक्षा, चाह; पसन्द; रुचि, प्रवृत्ति, आग्रह। যা—তাই, যাচ্ছেতাই, स्वेच्छासे जो कुछ किया या कहा जाय, तुच्छ या निकम्मी चीज या बात, जो मनमें आवे वह। —কৃত (-अ)

वि—स्वेच्छासे कृत। —क्रमে क्रि वि—स्वेच्छासे, इच्छानुसार। —নুযায়ী क्रि वि=ইচ্ছানুসারে। —নুরূপ वि—इच्छाके अनुरूप, जैसा चाहिये वैसा। —নুসারে क्रि वि—इच्छानुसार। —পত্র (-अ) सं—वसीयतनामा। —মরণ, —মৃত্যু सं—आत्मघात; स्वेच्छासे मृत्यु। —য়ুক্ত (-अ) वि—इच्छाधीन।

ইচ্ছু, ইচ্ছুক वि—इच्छुक, चाहने वाला, प्रार्थी।

ইজার, ইজের सं—पायजामा, जांघिया।

ইজারা सं—इजारा, पट्टा।

ইজ্য (-अ) वि—पूज्य, माननीय।

ইঞ্চি सं—इंच inch.

ইঞ্জিন सं—अंजन Engine

ইঞ্জিনিয়ার सं—इंजीनीयर Engineer

ইট सं—ईंट, ईंटा। —খোলা सं—ईंटा बनाने का स्थान। —পাটকেল सं—ईंटके टुकडे।

ইতর वि—निम्न श्रेणीका (—লোক), नीच (—প্রকৃতি); दूसरा, अन्य (বামেতর, दक्षिण, दाहिनी दिशा)। —তা, —পনা सं—नीचता, इतरपन, कमीनापन। —বিশেষ सं—तारतम्य, भेद, पार्थक्य।

ইতরেতর वि—परस्पर।

ইতঃপূর্ব্বে क्रि वि—ইতিপূর্ব্বে इससे पहले।

ইতস্তত (-अ), ইতস্ততঃ क्रि वि—इधर उधर, चारों ओर। सं—दुविधा, संशय।

ইতি क्रि वि—ऐसे, इस तरह, इसके लिए। सं—इति, समाप्ति (—করা क्रि—समाप्त करना)। —কথা सं—कहानी, कथा, इतिहास। —কর্ত্তব্য (-अ) सं—करने योग्य काम, कर्तव्य। —পূর্ব্বে क्रि वि—ইতঃপূর্ব্বে इससे पहले। —বৃত্ত (-अ) सं—इतिहास, वृत्तान्त। —মধ্যে, ইতোমধ্যে क्रि वि—इस समयके भीतर, इतनेमें। —হাস सं—इतिहास, कहानी।

ইত্যবসরে क्रि वि=ইতিমধ্যে।

ইত্যাকার वि—इस प्रकारका, ऐसा। [और भी।

ইত্যাদি क्रि वि—प्रभृति आदि, इस प्रकार

ইথে क्रि वि—ইহাতে इसमें।

ইদানীং क्रि वि—आजकल, इन दिनों, अब।

ইদানীন্তন वि—आजकलका, आधुनिक।

ইঁদারা, ইন্দারা सं—इन्दारा, कुआँ।

ইঁদুর सं—चूहा, मूस (নেংটে—सं—चुहिया)।

ইনি सर्व—(सम्मानित) यह व्यक्ति, आप (—জমিদার, आप जमींदार हैं)।

ইন্দারা सं=ইঁদারা।

ইন্দিবর सं—नील कमल।

ইন্দু सं—चन्द्रमा, कपूर। —নিভানন सं—चन्द्रवदन।

ইন্দুর सं=ইঁদুর।

ইন্দ্রজাল सं—इन्द्रजाल, माया, जादू।

ইন্দ্রিয় (-अ) सं—इन्द्रिय—श्रोत्र त्वक् चक्षु जिह्वा घ्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं; वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं, मन बुद्धि चित्त अहंकार ये चार अन्तरिन्द्रियाँ यानी अन्त करणकी वृत्तियाँ हैं। [आदि; उसकाहट।

ইন্ধন सं—ईन्धन, जलानेकी लकड़ी कोयला

ইয়ত্তা सं—सीमा, परिमाण, संख्या।

ইয়াদ सं—याद, स्मरण।

ইয়ার सं—यार, दोस्त, रसिक। —कि (-यार्कि), ইয়ার্কি सं—रसिकता, हँसी-दिल्लगी, यारोंके साथ गन्दी बातोंकी चर्चा (—দেওয়া)।

ইয়ারিং सं—माकडि, कानकी बाली ear-ring.

ইয়ে अव्य—विस्मृत शब्दके बदले इस शब्दका प्रयोग करते हैं (তুমি এরূপ অশ্লীল গালি

দাও তোমার জিভের কি একটুও—নেই, यहाँ ইয়ে माने संयम या लगाम)।

ইরম্মদ सं—বিদ্যুৎ बिजली, वज्र।

ইরান सं—ईरान, फारस Persia ইরানী सं—ईरानी। वि—फारसका।

ইলিশ सं—हिल्सा मछली।

ইলেক सं—रुपया पैसा मन सेर आदि लिखनेका चिह्न जैसे ৫, ⅃। एक पैसा या ५ गण्डे ; ১৲, ১৲, एक रुपया ; २/, ২৲, दो मन आदि। [सूचक शब्द।

ইশ, ইস अव्य—विस्मय दुःख या क्लेश

ইশাদি, ইশাদী सं—साक्षी गवाह।

ইষু सं—बाण, तीर, शर। [पूज्य, प्रिय।

ইষ্ট (-अ) वि—इष्ट, इच्छित, आकांक्षित ; ইষ্টক सं=ইট। [अपने पक्षके अनुकूल युक्ति।

ইষ্টাপত্তি सं—इष्ट वस्तुकी प्राप्ति ; लाभ ;

ইস अव्य=ইশ।

ইসবগুল सं—इसबगोल।

ইসলাম (इस्लाम) सं—इस्लाम ; मुसलमान। ইসলামী वि—इस्लामका, मुसलमानी।

ইসাদি सं=ইশাদি। [(—১লা নাগাইদ ২০শে)।

ইস্তক (इस्तक) क्रि वि—तक, पर्यन्त ; से

ইস্তাহার सं—इश्तिहार, विज्ञापन।

ইস্তিরি, ইস্ত্রি सं—इस्तरी।

ইস্পাত (इस्पात) सं—फौलाद।

ইস্পার (इस्पार) क्रि वि—इस पार (—কি ওস্পার, इस पार या उस पार ; कुछ भी क्यों न हो)।

ইহ (-अ) क्रि वि—এই यह ; यहाँ ; इस संसारमें। —কাল सं—यह जन्म। —লোক सं—यह लोक, यह ससार।

ইহা सर्व—यह। ইহাকে सर्व—इसे, इसको। ইহাতে सर्व—इसमें, इस पर। ইহাদিগকে, ইহাদিগের सर्व—इन लोगोंको। ইহার सर्व—इसका। ইহারা सर्व—ये लोग। ইঁহারা सर्व—ये (सम्मानित) लोग।

ইহুদী सं—यहूदी।

ঈ

ঈক্ষণ (इक्षन) सं—দৃষ্টি दर्शन। ঈক্ষিত (-अ) वि—দৃষ্ট दृष्ट, देखा हुआ। ঈক্ষিতা सं—দ্রষ্টা द्रष्टा।

ঈগল सं—उकाब।

ঈড্য (-अ) वि—प्रशंसा-योग्य ; पूज्य। [स्थान।

ঈদগা सं—ईदगाह, सम्मिलित नमाज पढ़नेका

ঈপ্সা (ईप्सा) सं—इच्छा, लालच, लोभ। ঈপ্সিত (-अ) वि—प्रार्थित, वांछित, आकांक्षित। ঈপ্সু वि—पानेके इच्छुक (জনেপ্সু)।

ঈরিত (-अ) वि—कथित, प्रेरित ; निक्षिप्त।

ঈর্ষা, ঈর্ষ্যা सं—डाह, शत्रुता। —নল सं—डाहकी जलन। —ন্বিত (-अ) वि—डाही, ईर्षालु। —বশ, —পরতন্ত্র, —পর, —পরবশ वि—ईर्षालु, डाही। —বশতঃ क्रि वि—ईर्षावश। [প্রাণেশ)।

ঈশ सं—ईश्वर, शिव ; प्रभु, राजा (দুর্গেশ,

ঈশা सं—যিশুখ্রীষ্ট ईसा-मसीह।

ঈশ্বর (ईश्वर) सं—खुदा, सृष्टिकर्ता, सृजनहार ; राजा, प्रभु (রাজ্যেশ্বর) ; ৺ ऐसा चिह्न जो मृत व्यक्ति या देवताके नामके पहले लिखा और 'ईश्वर' ऐसा पढ़ा जाता है (৺চন্দ্রনাথ বসু, শ্রীশ্রী৺কালীমাতা ভরসা)। —ভীরু वि—ईश्वरसे डरने वाला, धार्मिक। ঈশ্বরেচ্ছায় क्रि वि—ईश्वरकी इच्छासे।

ঈষৎ वि—थोड़ा, कुछ, जरा सा।

ঈষদুষ্ণ (-अ) वि—गुनगुना, थोड़ा गरम।

ঈষদূন वि—थोड़ा कम, थोड़ा अपूर्ण।

ঈষদ্ধাস্য (-अ) सं—मुसकान, हल्की हँसी।

ঈষন্মাত্র (ईशन्मात्र-अ) वि—बहुत थोड़ा, थोड़ा सा ।
ঈষিকা सं—तूलि बालोंकी कलम ।
ঈহা सं—इच्छा, अभिलाषा ; चेष्टा, प्रयत्न ।

উ

উই सं—दीमक । —ঢিবি सं—दीमकोंका बनाया हुआ टीला या ढूह जिसके भीतर वे घर बना कर रहते हैं, वल्मीक, बाँबी ।
উইল सं—इच्छा-पत्र, वसीयतनामा ।
উঃ अव्य—विस्मय क्रोध दुःख या अधीरता सूचक शब्द ।
উঁকি सं—झाँक, ताक-झाँक, छिप कर देखने की क्रिया । —মারা क्रि—झाँकना । —ঝুঁকি सं—ताक-झाँक ।
উকিল सं—वकील ; पक्ष करने वाला ।
উকুন सं—जूँ जो केशोंमें पैदा होता है, चीलर ।
উক্ত (-अ) वि—उक्त, कथित (উপরোক্ত) ।
উক্তি सं—कथन, कथित वाक्य, उक्ति ।
উক্ষা (उक्खा) सं—बैल, वृष, साँड़ ।
উখড়ান (उखड़ानो), উখড়ানো (क्रि परि १८) —उखाड़ना ।
উখল, উখলি सं—उदूखल ओखली ।
উখা सं—রেতি रेती ।
উগরান (उगरानो), উগরানো (क्रि परि १८) —বমি করা के करना । উগরাইয়া চিবানো क्रि—पागुर करना, जुगाली करना ।
উগ্র (-अ) वि—उग्र, तेज, उत्कट, तीव्र, प्रचंड । —কর্মা वि—खतरनाक काम करने वाला, भयंकर ; निर्दयी । —প্রকৃতি वि—क्रोधी । —বীর্য্য (-अ) वि—तीव्र शक्ति युक्त, तेज । —ক্ষত্রিয় (-अ) सं=আগুরী ।
উচা, উঁচা, উঁচু वि—ऊँचा ।
উচাটন सं—उत्कंठा, बेचैनी, व्याकुलता, घबराहट । वि—व्याकुल ।
উচান (-नो), উচানো (क्रि परि १२ —मारनेके लिए उठाना (লাঠি—) । [ठीक ।
উচিত वि—उचित, वाजिब, मुनासिब, योग्य,
উচু वि—উঁচা ऊँचा, उच्च ।
উচোট सं—হোঁচট ठोकर ।
উচ্চ (-अ) वि—উঁচা ऊँचा, उन्नत ; तेज, बुलन्द (—মূল্য, —কণ্ঠ) । —বাচ্য (-अ) सं—ऊँचा शब्द, प्रतिवाद, आवाज । —রোল सं—चिल्लाहट, हल्ला ।
উচ্চাবচ वि—ऊँचूनिचू खुरदरा ।
উচ্চারণ सं—उच्चारण, वाक्य कथन । উচ্চারণীয় (-अ), উচ্চার্য্য (-र्ज-अ) वि—उच्चारण करने योग्य ।
উচ্চাশয় वि—उदारचेता, महाशय ।
উচ্চিংড়া, উচ্চিংড়ে सं—झींगुर-सा एक फतिंगा ।
উচ্চৈঃস্বরে (उच्चइस्शरे) क्रि वि—ऊँची आवाजसे ।
উচ্ছন্ন (-अ) वि—উৎসন্ন बरबाद (ছেলেটা—গেছে, आवारा हो गया है) । [हुआ ; फूला हुआ ।
উচ্ছলিত (-अ) वि—उछाला हुआ ; छलकता
উচ্ছিন্ন (-अ) वि—उजाड़, नष्ट, बरबाद ।
উচ্ছিষ্ট (-अ) सं—এঁটো जूठा (सभी कच्ची रसोई उच्छिष्ट मानी जाती है, इस अर्थमें कि उसके छूनेसे हाथ धोना पड़ता है) ।
উচ্ছৃঙ্খল वि—এলোমেলো विशृंखल, आवारा, स्वेच्छाचारी ।
উচ্ছে सं—छोटा करेला । [বাড়ী—করিয়াছে) ।
উচ্ছেদ सं—समूल ध्वंस, नाश, बरबादी (घर-
উচ্ছ্বসিত (उच्छ्वशित-अ) वि—उत्फुल्ल, उमंगसे उछलता हुआ ।
উচ্ছ্বাস (उच्छाश) स—विकास, उल्लास, भावावेग ।
উছলিত (-अ) वि=উচ্ছলিত ।

উজবুক, -বুগ (उज़बुग) वि—उजबक, मूर्ख, बेवकूफ।

উজ্জল वि—উজ্জ্বল उज्ज्वल।

উজান सं—नदीमें प्रवाहकी विरुद्ध दिशा। —ভাটি सं—জোয়ার-ভাটা ज्वार-भाटा; प्रवाहके अनुकूल और प्रतिकूल दिशा।

উজাড় वि—उजाड़, ध्वस्त, उच्छिन्न। सं—उजाड़ स्थान।

উজির सं—वजीर, मन्त्री। [आपत्ति, बहाना।

উজুহাত, (-হত) सं—उज्रदारी, लिखित

উজ্জীবিত (-অ) वि—सजीवित, जिलाया हुआ।

উঞ্ছ (-অ) सं—अन्नके छोड़े हुए दाने चुन लेनेका काम, हीन नीच या तुच्छ आजीविका (—বৃত্তি)।

উট सं—उष्ट्र ऊट।

উটকান (उट्कानो), উটকানো, ওটকান (-नो), ওটকানো (क्रि परि १८) —चीजों को उलट-पलट कर खोजना।

উটকো (उट्को) वि—अनजान, अपरिचित, अज्ञात; अनोखा; आवारा।

উটজ सं—झोंपड़ी, कुटी, घास-फूसका घर। —শিল্প सं—कुटीर-शिल्प।

উটপাখী सं—शुतुरमुर्ग।

উঠতি (उठ्ति) सं—वृद्धि, उन्नति। वि—बढ़ने वाला (—বয়স, जवानी)।

উঠন सं—উঠান आंगन, सहन।

উঠন্ত (-অ) वि—उगने वाला उठने वाला।

উঠ-বস করা क्रि—उठ-बैठ व्यायाम करना, उठना और बैठना।

উঠা, ওঠা (क्रि परि ३) —उठना, जागना; चढ़ना, उगना (ধানের চারা উঠিয়াছে; পোঁক ওঠে নাই); गिरना, झड़ना (চুল উঠিয়া গিয়াছে); छोड़ना (এ বাড়ী হইতে উঠিয়া যাইব)।

উঠাউঠি क्रि वि—बारबार; क्रमशः; लगातार।

উঠান (-नो), উঠানো, ওঠান (-नो), ওঠানো (क्रि परि १२) —उठाना, जगाना; चढ़ाना; गायब करना, निकाल देना; खड़ा करना, उल्लेख करना (ওকথা এখন উঠিও না)।

উঠান, উঠন सं—दालान आंगन, सहन।

উঠানামা सं—चढ़ना-उतरना।

উঠাপড়া सं—उठना-गिरना। উঠেপড়ে লাগা क्रि—कमर कसकर लगना, जी-जानसे कोशिश करना। [वाला।

উড়তি (उड़्ति), উড়ন্ত (-অ) वि—उड़ने

উড়ন सं—उड्डयन, उड़नेकी क्रिया।

উড়নচড়ে (उड़न्चड़े), উড়নচণ্ডে वि—रुपवाही फिजुलखर्च। स्त्री—উড়নচণ্ডী।

উড়নী (उड़्नी) सं—ओढ़नी, चादर।

উড়ন্ত (-অ) वि—उड़ने वाला।

উড়া, ওড়া (क्रि परि ६)—उड़ना; जल्दी जल्दी जाना; गायब होना (গরু উড়িয়া গিয়াছে)।

উড়া, উড়ো वि—उड़ती (—খবর, अफवाह); उड़ने वाला (উড়ো জাহাজ)।

উড়ান (-नो); উড়ানো, ওড়ান (-नो), ওড়ানো (क्रि परि १२)—उड़ाना; गायब करना; अंधाधुंध खर्च करना (বাপের টাকা এভাবে উড়াইলে ক' দিন থাকিবে?)

উড়ানি, উড়নি, (-नी) स—ओढ़नी, चादर।

উড়িয়া, উড়ে स—उड़िया, उड़िसा-निवासी; उड़िया भाषा।

উড়িষ্যা सं—उड़िसा देश। [(মন—করে)।

উড়ু উড়ু वि—उड़ने या भागनेके लिए तैयार

উড্ডীন वि—उड़ सकने वाला।

উড়নী सं=উড়ানি।

উডুম্বর, উদুম্বর सं—डुमुर गूलर।

উড়ে सं=উড়িয়া।

উড়োজাহাজ सं—हवाई जहाज।

উড্ডয়ন सं—वायुमें विचरण, उड़नेकी क्रिया।

উড্ডীন, উড্ডীয়মান वि=উড়ন্ত।

উতরান (उत्‌रानो), উতরানো, ওতরান (ओत्‌रानो), ওতরানো (क्रि परि १८)—उतरना ; सफल होना (পরীক্ষায় কোন মতে উতরে গেছে)। [हल्ला।

উতরোল (उत्‌रोल) सं—কোলাহল शोरगुल,

উতলা वि—उद्विग्न, व्याकुल।

উতলান (उत्‌लानो), উতলানো क्रि=উথলান।

উৎকট वि—उग्र ; तीव्र, विकट।

উৎকণ্ঠা सं—उद्वेग, शंका, भय, घबराहट। উৎকণ্ঠিত (-अ) वि—व्याकुल, घबराया हुआ, भीत। [व्यग्र।

উৎকর্ণ (-अ) वि—कान खड़ा, सुननेके लिए

উৎকর্ষ (-अ) सं—उन्नति, श्रेष्ठता, बड़ाई।

উৎকল सं—उड़िसा।

উৎকীর্ণ (-अ) वि—खोदा हुआ।

উৎকুন सं=উকুন।

উৎকৃষ্ট (-अ) वि—उत्तम, उमदा, श्रेष्ठ।

উৎকোচ स—घूस, रिश्वत। —গ্রাহী वि—रिश्वत लेने वाला, घूसखोर। [उठा हुआ।

উৎক্রান্ত (-अ) वि—अतिक्रान्त, बढ़ा हुआ,

উৎক্ষিপ্ত (उत्‌क्षिप्त-अ) वि—उछाला हुआ ; उखाड़ा हुआ। [निक्षेप या फेंकाव।

উৎক্ষেপ (उत्खेप) सं—उछाल, ऊपरकी ओर

উৎক্ষেপণ (उत्खेपन) सं—ऊपरको निक्षेप।

উৎখাত (उत्खात-अ) वि—उखाड़ा हुआ (ভিটামাটী—করিও না)।

উত্তপ্ত (-अ) वि—बहुत गर्म, क्रोधित।

উত্তম-মধ্যম सं—खूब मार या प्रहार।

উত্তমর্ণ (-अ) स—महाजन, कर्ज देनेवाला।

উত্তমাঙ্গ (-अ) सं—मस्तक, सिर।

উত্তমোত্তম वि—अच्छे अच्छे, उत्तमसे उत्तम।

উত্তর सं—उत्तर, जवाब ; उत्तर दिशा। वि—परवर्ती, अगला (-কাল), अन्तिम (-কাণ্ড)। —কোশল सं—प्राचीन अयोध्या प्रदेश। —ক্রিয়া सं—अन्तिम क्रिया, शवदाह आदि। —পক্ষ सं—तर्कमें सिद्धान्त-पक्ष। —বঙ্গ सं—पद्मा (गंगा) नदीके उत्तर पारका बंगाल। —মীমাংসা सं—वेदान्त-दर्शन, शारीरक मीमांसा, वेदके अन्तिम भाग उपनिषदोंकी मीमांसा, महर्षि वेदव्यास-कृत ब्रह्मसूत्र। —সাধক सं—तान्त्रिक साधना में प्रधान साधकका सहायक। উত্তরাধিকারী सं—वारिस। উত্তরাস্য (उत्तरास्य-अ), —মুখ (-अ) वि—उत्तरकी ओर मुँह या सिर रख कर (—বসিয়া খাইও না, উত্তরাস্যে বসিও না বা শুইও না)। উত্তরোত্তর क्रि वि—क्रमशः।

উত্তরণ सं—पार गमन, दूसरे पार उतरना ; गन्तव्य स्थानमें पहुँचना।

উত্তরীয় (-अ) स=উড়ানি।

উত্তরে क्रि वि—उत्तर दिशामें, जवाबमें। वि—उत्तर दिशासे आनेवाला (—হাওয়া, —মেঘ)।

উত্তল वि—उन्नतोदर convex. [केवल।

উত্তান वि—চিত चित ; नतोदर concave ; पीठ

উত্তাপ सं—ताप, गर्मी।

উত্তাল वि—ऊँचा (—তরঙ্গ)।

উত্তীর্ণ (-अ), वि—दूसरे पार गया या पहुँचा हुआ, कृतकार्य, कामयाब (পরীক্ষায়—হইয়াছি)।

উত্তুঙ্গ (-अ) वि—बहुत ऊँचा।

উত্তোলন स—ऊपर उठाना, उठानेकी क्रिया।

উত্ত্যক্ত (-अ) वि—विरक्त दिक, सताया हुआ।

উত্থান स—उन्नति, उठना (গাত্রোত্থান) ; विद्रोह, बगावत।

উত্থাপক वि—प्रस्ताव करने वाला।

উত্থিত (-अ) वि—खड़ा, निकला हुआ, उन्नत, विद्रोहके लिए तैयार।

উৎপত্তি सं—उत्पत्ति, जन्म, पैदाइश ; कारण , मूल ।

উৎপথ सं—कुपथ, बुरा मार्ग, भ्रष्टाचार । —গামী वि—कुमार्गगामी ; भ्रष्ट, आवारा ।

উৎপতমান वि—उठने वाला ; पैदा होने वाला ।

উৎপন্ন (-अ) वि—उत्पन्न, उद्भूत, पैदा ।

উৎপল सं—पद्म, कमल ।

উৎপাটন सं—उखाड़ना । [दंगा, अत्याचार ।

উৎপাত सं—उपद्रव, आफत, ऊधम, शरारत ;

উৎপাদ্য (-अ) वि—पैदा करने योग्य ।

উৎপীড়ন सं—निग्रह, अत्याचार, सताना, कष्ट पहुंचाना ।

উৎফুল্ল (-अ) वि—प्रफुल्ल, खुश । [स्थान ।

উৎস (-अ) सं—झरना, फुहारा, उत्पत्ति-

উৎসঙ্গ (-अ) स—गोदी, पहाड़की तराई ।

উৎসন্ন (उत्सन्न-अ) वि=উচ্ছন্ন ।

উৎসাদক वि—उच्छेद करने वाला ।

উৎসারণ (उत्सारन, सं—अपसारण, हटाना ।

উৎসাহ (-अ) सं—उत्साह, उमंग, जोश, हौसला, हिम्मत ।

উৎসৃষ্ট (-अ) वि—उत्सर्ग किया हुआ, कृष्णार्पित ; त्याग किया हुआ ।

উথলান (उथलानो), উথলানো, ওথলান (ओथलानो), ওথলানো (क्रि परि १८) —उबल पड़ना (আগুনের তাপে কড়াইয়ের দুধ উথলাইয়া পড়িতেছে) ।

উদক सं—पानी, जल ; उत्तर दिशा ।

উদকুম্ভ (-अ) स—पानीका घड़ा ।

উদগ্র (-अ) वि—ऊंचा, ऊपरको नोकवाला, धृष्ट, ढीठ ; हठी ।

উদজান स—हाइड्रोजन गैस ।

উদধি स—समुद्र, सागर ।

উদয়াস্ত (-अ) सं—उदयसे अस्त तक समय ; दिन । वि—दिन भर ।

উদয়োন্মুখ (उदयोन्मुख) वि—उगने वाला, उदित होने वाला ।

উদর सं—पेट । —পরায়ণ वि—पेटू । উদরসাৎ (-शात्) वि—हजम, गबन ।

উদরম্ভরি वि—पेटू ।

উদরস্থ (-अ) वि—खाया हुआ, भक्षित ।

উদরাধ্মান (उदराध्मान) सं—उदर स्फीति, पेटका फूल जाना, अफरा ।

উদরান্ন (-अ) सं—खाद्य, भोजन, जीविका ।

উদরাময় सं—पेटकी बीमारी, अतिसार ।

উদরী स—पेटमें पानी भर जानेका रोग, जलोदर रोग ।

উদলা (उदला), (-লা) वि—উলঙ্গ नंगा, उघाड़ा ; आवरण-रहित (পাগলটি—পড়ে আছে কেন?) । [महान ।

উদাত্ত स—ऊंचा स्वर वि—उच्च ; उदार ;

উদাহরণ स—दृष्टान्त, मिसाल । উদাহৃত (-अ) वि—कथित, उक्त, उदाहरण रूपसे प्रदत्त ।

উদিত (-अ) वि—उगा हुआ, चढ़ा हुआ ।

উদীচী सं—उत्तर दिशा ।

উদীয়মান वि—उठने वाला, उन्नत होने वाला ।

উডুম্বর सं—डूमर गूलर ।

উদূখল सं—ओखली ।

উদো वि—मूर्ख, बेवकूफ ।

উদ্গত (-अ) वि—उद्भूत, निकला हुआ, उठा हुआ । উদ্গম स—उद्भव, उदय ।

উদ্গমন सं—ऊपरकी ओर गमन ।

উদ্গাতা वि, स—सामवेद गान करने वाला, ऊंचे स्वरसे गाने वाला ।

উদ্গার सं—ঢেকুর डकार ; कै । উদ্গিরণ (-গীরণ) स—वमन, कै ।

উদ্গ্রীব वि—आग्रही, सुननेके इच्छुक, व्यग्र ।

উদ্ঘাটক वि—खोलने वाला । উদ্ঘাটন स—

खोलनेकी क्रिया (দ্বার—)। উদ্‌ঘাটিত (-अ) वि—खुला ; प्रकट।

উদ্‌ঘোষ सं—ऊँची ध्वनि ; ऊँचे स्वरसे घोषणा।

উদ্দাম वि—अति प्रबल ; उद्दण्ड। [अभिप्रेत।

উদ্দিষ্ট (-अ) वि—लक्षित ; कथित, उक्त,

উদ্দীপক वि—प्रकाशक, जलानेवाला , उत्तेजक (শত্রোদ্দীপক)। উদ্দীপন, (-না) सं—प्रकाशन, उत्तेजना ; प्रोत्साहन। উদ্দীপনাময় वि—अत्यन्त आग्रह युक्त, उत्तेजना-पूर्ण, उत्साह-पूर्ण। উদ্দীপিত (-अ), উদ্দীপ্ত (-अ) वि—प्रज्वलित, प्रोत्साहित, उत्तेजित।

উদ্দেশ सं—उद्देश्य, लक्ष्य ; पता ; जाँच, तहकीकात।

উদ্দেশ্য सं—लक्ष्य , अभिप्राय, आशय।

উদ্ধত (-अ) वि—ढीठ, गँवार ; घमंडी।

উদ্ধরণ सं—उल्लेख , उद्धार, मुक्ति।

উদ্ধার सं—मुक्ति, परित्राण , उन्नति ; प्रतिष्ठा , उद्धृत वाक्य। উদ্ধার চিহ্ন—" " यह चिह्न।

উদ্বন্ধন (उद्‌बन्धन) सं—फाँसी।

উদ্বমন (उद्‌बमन) सं—वमन, कै।

উদ্বর্ত্ত (-उद्‌वर्त्त-अ) सं—बाकी अंश बचा हुआ हिस्सा। [volatile

উদ্বায়ী (उद्‌वायी) वि—उड़ जाने वाला

উদ্বাসিত (उद्‌बासित-अ) वि—निर्वासित , देशसे बाहर निकाला हुआ।

উদ্বাস্তু (उद्‌धास्तु) वि—বাস্তু ভিটা হইতে দূরীভূত पैतृक मकानसे निकाला हुआ (জমিদার প্রজাকে—করিলেন) ; अपने निवास-स्थानसे निकाला हुआ, दूसरे देशके शरणार्थी Refugee

উদ্বাহ (उद्‌बाह-अ) सं—विवाह, शादी।

উদ্বাহিত (उद्‌बाहित-अ) वि—विवाहित , ढोया हुआ।

উদ্বিগ্ন (उद्‌बिग्न -अ) वि—घबराया हुआ, आकुल, बेचैन ; दुखी। —চিত্তে कि वि—घबराते हुए, आकुल हो कर ; आग्रहसे।

উদ্‌বিড়াল सं—उदबिलाव।

উদ্বুদ্ধ (उद्‌बुद्ध -अ) वि—प्रबुद्ध, जागरित , स्मरणमें आया हुआ।

উদ্বৃত্ত (उद्‌वृत्त -अ) वि—बचा हुआ, अवशिष्ट।

উদ্বেগ (उद्‌बेग) सं—उत्कण्ठा, चिन्ता, फिक्र, घबराहट। [क्लेशित, उद्विग्न।

উদ্বেজিত (उद्‌वेजित -अ) वि—दुखी,

উদ্বেল, উদ্বেলিত (उद्‌वेल्लित -अ) वि—बह निकला हुआ प्लावित।

উদ্বোধ (उद्‌बोध) सं स्मरण याद। —ক वि—स्मारक याद दिलाने वाला। —ন सं—जागरण ; होशमें लाना।

উদ্ভট वि—अनोखा, अनूठा, विलक्षण।

উদ্ভব सं—उत्पत्ति, जन्म , वृद्धि , मूल।

উদ্ভাবক सं—आविष्कारक, ईजाद करने वाला।

উদ্ভাসিত (उद्‌भाशित-अ) वि—प्रकाशित।

উদ্ভিজ্জ (-अ) सं—उद्‌भिद, जमीन फोड़ कर निकलने वाला, वृक्ष लता आदि।

উদ্ভুট্টি वि—अनोखा, अद्‌भुत।

উদ্ভ্রান্ত (-अ) वि—पागल, उन्माद ; व्याकुल , पागलकी तरह घूमनेवाला।

উদ্যত (उद्दत-अ) वि—तैयार, तत्पर प्रस्तुत, मुस्तैद , उठाया हुआ (—খড়্গ)।

উদ্যান (उद्दान्) सं—बाग, बगीचा।

উদ্‌যাপন (उद्‌जापन) सं—सम्पादन, निर्वाह, समाप्ति। উদ্‌যাপিত (उद्‌जापित-अ) वि—अनुष्ठित , पूर्ण, समाप्त।

উদ্যোগ (उद्‌जोग) सं—उद्योग, आयोजन, चेष्टा। উদ্যোক্তা (उद्‌जोक्ता) स , वि—उद्योग या आयोजन करनेवाला। উদ্যোগী (उद्‌जोगी) वि—आयोजक ; उद्यमी, उत्साही।

উদ্রিক্ত (-अ) वि—उत्तेजित , वर्द्धित ; स्पष्ट।

উদ্রেক सं—सचार, उदय (क्षुधार—इইয়াছে)। উধাও वि—अदृश्य, गायव।
উন (-अ), উনা, উনো वि—कम कम (উন-আশি ७९; উনচল্লিশ ३९; উনত্রিশ २९; উননব্বই ८९; উনপঞ্চাশ ४९; উনবিংশ १९; উনষাট ५९; উনসত্তর ६९ (উনো ভাতে দুনো বল)।
উন सं—ऊन। [चुल्हा सुलगाना)।
উনান, উনন, উনুন स—चुल्हा (—ধরান,
উনি सव—सम्मानित वह व्यक्ति, आप।
উনিশ स, वि—उनीस, १९।
উনিশে स—सौर मासकी उनीस तारीख (को)।
উন্নত (-अ) वि—उन्नत, ऊँचा, श्रेष्ठ, ऊपर उठा हुआ, समृद्ध। —চরিত্র (-अ) वि—उन्नत चरित्रवाला। —চেত (-अ) वि—उन्नत चित्तवाला, उदार।
উন্নয়ন स—ऊपर उठाना, उन्नत करना।
উন্নিদ্র (-अ) वि—निद्राहीन, सजग, चौकन्ना।
উন্নীত (-अ) वि—ऊपर उठाया हुआ promoted
উন্মজ্জন (उन्मज्जन) स—डूबी हुई अवस्थासे ऊपर उठना, उतराना।
উন্মত্ত (उन्मत्त -अ) वि—पागल बावला, सनकी; बेसुध, मदान्ध; मतवाला।
উন্মনা (उन्मना) वि—অন্যমনস্ক जिसका ध्यान दूसरी ओर लगा हुआ है; घबराया हुआ, उद्विग्न। [वि—पागल।
উন্মাদ (उन्माद) स—पागलपन, चित्त-विभ्रम।
উন্মার্গ (उन्मार्ग-अ) स—कुमार्ग बुरा मार्ग, भ्रष्टाचार। —গামী वि—भ्रष्टाचारी, बदचलन।
উন্মীলন (उन्मीलन) स—आँखें खोलना; प्रकाश। উন্মীলিত (-अ) वि—खुला, विकास-प्राप्त। [रिहा।
উন্মুক্ত (उन्मुक्त-अ) वि—खुला, उघारा; मुक्त,
উন্মুদ্র (उन्मुद्र-अ) वि—मुहर न किया हुआ unsealed
উন্মূলন (उन्मूलन) सं—उच्छेद मूल उत्पाटन; नाश बरबादी। উন্মূলিত (-अ) वि—उखाड़ा हुआ। [खुलना, थोड़ा प्रकाश।
উন্মেষ (उन्मेष) सं—विकास, आँखोंका
উপকণ্ঠ (-अ) स—निकट, प्रान्त (নগরের—)।
উপকথা सं—कहानी, गल्प, किस्सा।
উপকরণ सं—सामान, सामग्री, साधन; औजार; अन्नके अतिरिक्त दाल तरकारी आदि। পূজোপকরণ स—पूजाके सामान फूल चन्दन आदि। [किनारा।
উপকূল स—तीर, तट; समुद्र नदी आदिका
উপক্রম स—आरम्भ, शुरु, तैयारी, आयोजन।
উপগত (-अ) वि—स्वीकृत; पहुँचा हुआ; प्राप्त; सलग्न।
উপগ্রহ (-अ) सं—ग्रहकी परिक्रमा करनेवाला छोटा ग्रह; कैदी, कैद, गिरफ्तारी, पीछे चलनेवाला।
উপচান (उपचानो), উপচানো, ওপচান (ओप्‌चानो), ওপচানো (क्रि परि १८)= উথলান।
উপচার स—पूजाकी सामग्री (পঞ্চোপচারে, ষোড়শোপচারে পূজা), सेवाका सामान; इलाज (অস্ত্রোপচার)।
উপচিকীর্ষা सं—उपकार करनेकी इच्छा।
উপচিকীর্ষু वि—उपकार करनेके इच्छुक।
উপজাতি स—जातिका छोटा विभाग।
উপজিল (-अ) क्रि—जन्मा, उत्पन्न हुआ (তাহে—প্রেম)।
উপজীবিকা सं—जीविका, वृत्ति, पेशा।
উপজীবী वि—पेशेवर (কৃষি—), উপজীব্য (-अ) स—जीविका, वृत्ति।
উপড়ান (उपड़ानो), উপড়ানো, ওপড়ান

(ओपड़ानो ', ওপড়ানো (क्रि परि १८)। —उखाड़ना।

উপঢৌকন सं—उपहार, भेंट। [भूमि।

উপত্যকা सं—तराई ; दो पर्वतोंके बीचकी नीची

উপদংশ सं—दंशन, डसना, कुतरना ; गरमी की बीमारी, आतशक।

উপদেবতা सं—भूत प्रेत आदि।

উপদ্রুত (-अ) वि—जहाँ उपद्रव हुआ है, उपद्रव-ग्रस्त (—অঞ্চল)।

উপদ্বীপ स—प्रायद्वीप Peninsula

উপনয়ন सं—यज्ञोपवीत-संस्कार। উপনীত (-अ) वि—पहुँचा हुआ ; उपनयन-संस्कार से संस्कृत।

উপনেত্র (-अ) सं—चशमा, ऐनक।

উপন্যস্ত (-अ) वि—प्रदत्त ; रखा या जमा किया हुआ, कथित, उक्त, प्रयुक्त।

উপপতি सं—जार, अवैध प्रणयी।

উপপত্তি सं—मीमांसा, सिद्धान्त।

উপপত্নী सं—रखेली।

উপপন্ন (-अ) वि—सिद्ध ; सम्पन्न।

উপপাতক सं—लघु पाप, छोटा अपराध।

উপপাদন स—सम्पादन, मीमांसा।

উপপাদ্য (-अ) वि, सं—सम्पाद्य, सम्पादन करने योग्य (विषय)।

উপবাস (-बाश) सं—फाका, उपवास।

উপবিষ্ট (-बिष्ट-अ) वि—बैठा हुआ।

উপবীত (-बीत) सं—यज्ञोपवीत, जनेऊ।

উপবীতী वि—यज्ञसूत्र धारण किया हुआ।

উপভুক্ত (-अ) वि—भक्षित, खाया हुआ, इस्तेमाल किया हुआ, भोग किया हुआ।

উপভোক্তা सं, वि—खानेवाला, भोग करने वाला consumer.

উপম वि—तुल्य, समान (দেবোপম)।

উপমা सं—तुलना, सादृश्य। উপমান सं—जिससे तुलना की जाती है (চন্দ্রবদন, चन्द्र सा वदन), (दर्शनमें) एक प्रमाण (গবয় গরুর মতো এক জন্তু)।

উপমাতা सं—धाय, दूध पिलानेवाली दाई।

উপমিতি स—तुलना, उपमा, सादृश्यसे होनेवाला ज्ञान। উপমেয় (-अ) वि—उपमा देने योग्य। सं—उपमाकी वस्तु।

উপযাচক (उपजाचक्) वि—प्रार्थी, माँगनेवाला।

উপযুক্ত (उपजुक्त-अ) वि—योग्य, उचित ; समर्थ। [लाभकारिता।

উপযোগিতা (उपजोगिता) सं—योग्यता,

উপযোগী (उपजोगी) वि—आवश्यक, प्रयोजनीय, लाभदायक, फायदेमंद ; अनुकूल, मुआफिक, योग्य।

উপর, ওপর सं—ऊपर। क्रि वि—अतिरिक्त (পেটের অসুখ তার—লুচি !)। উপরে क्रि वि—ऊपर, ऊपरकी मंजिलमें ('পরে—'উপরে' का संक्षिप्त रूप है)। [अफसर, ईश्वर।

উপর আলা, (- ওয়ালা) वि, स—ऊपरवाला,

উপরত (-अ) वि—कामसे विरत या निवृत्त ; गत ; मृत, विरक्त।

উপরতলা सं—ऊपरकी मंजिल।

উপরতি सं—विरति, निवृत्ति, त्याग, संयम, वैराग्य, उदासीनता, मृत्यु।

উপরন্তু क्रि वि—उसके बाद, उसके अतिरिक्त।

উপর পড়া वि—बल पूर्वक दखल देनेवाला ; स्वेच्छासे दूसरेके काममें हाथ डालनेवाला।

উপরপিঠ सं—ऊपरी सतह। [मृत्यु।

উপরম, উপরাগ स—विराम, विरति, वैराग्य ;

উপরি क्रि वि—ऊपर। वि—अतिरिक्त (—পাওনা, —লাভ), वेतनसे अतिरिक्त (भेंट, घूस)। —উপরি क्रि वि—উপর্যুপরি एकके ऊपर दूसरा, लगातार। —তন वि—ऊपरका, उच्च पदस्थ, अफसर। —পাওনা सं—अधिक लाभ

या आमदनी। —ভাগ सं—ऊपरका हिस्सा ; पीठ।

উপরোধ सं—अनुरोध, प्रार्थना, सिफारिश।

উপরুদ্ধ (-अ) वि—अनुरोध किया हुआ, प्रार्थित।

উপর্য্যুপরি (उपर्जु परि) क्रि वि=উপরি উপরি।

উপল सं—पत्थर, ओला, रत्न।

উপলক্ষ (उपलक्ख-अ) सं—प्रयोजन, आसरा ; बहाना। উপলক্ষিত (-अ) वि—प्रदर्शित, लक्षित।

উপলক্ষে (उपलक्खे) क्रि वि—अवसर पर। তদুপলক্ষে क्रि वि—उस अवसर पर।

উপলক্ষ্য (उपलक्ख्य-अ) स—उद्देश्य लक्ष्य।

উপলব্ধ (-अ) वि—प्राप्त ; ज्ञात।

উপলব্ধি सं—ज्ञान, अनुभव, बोध।

উপশম सं—शान्ति, कमी, ह्रास।

উপসর্গ (-अ) स—अपशकुन, उत्पात ; रोग-लक्षण ; शब्दके शुरुमें लगनेवाला अव्यय (প্র, পরা, অপ, নি)।

উপসাগর सं—समुद्रकी खाड़ी, छोटा समुद्र।

উপস্থ (-अ) स—पुरुषांग, लिंग।

উপস্থাপক, উপস্থাপয়িতা स—प्रस्तावक, प्रस्ताव उपस्थित करनेवाला ; निवेदक।

উপস্থিত वि—हाजिर, आया हुआ, निकटका सामनेवाला। —বক্তা स—तैयार न हो कर भी जो व्याख्यान दे सकता है, हाजिर-जवाब। —বুদ্ধি स—প্রত্যুৎপন্ন মতি विपत्तिके समय तुरत विचार पूर्वक कर्तव्य करनेकी बुद्धि। —বুদ্ধি वि—প্রত্যুৎপন্নমতি विपत्तिके समय कर्तव्यका निश्चय कर सकनेवाला।

উপস্থিতি सं—हाजिरी।

উপস্বত্ব (उपश्शत्त-अ) स—सम्पत्तिकी आय।

উপহসিত (उपहशित-अ) वि—जिसकी दिल्लगी उड़ायी गयी है। উপহাস स—ठट्ठा, दिल्लगी। উপহাস্য (-श्य-अ) वि—उपहासके योग्य, हंसीका।

উপহিত (-अ) वि—सन्निहित, निकटका ; रक्षित संयुक्त, मिश्रित। [दिया हुआ।

উপহৃত (-अ) वि—उपहार रुपसे प्रदत्त, भेंटमें

উপাঙ্গ (-अ) सं—अंगका भाग, अवयव ; छोटा अंश या विभाग।

উপাত্ত (-अ) वि—गृहीत, प्राप्त स्वीकृत।

উপাদান स—मूल तत्त्व, मूल कारण (ঘটের—মাটি) ; ग्रहण, स्वीकार। [स्वादिष्ट।

উপাদেয় (-अ) वि—ग्रहण-योग्य ; मनोहर ;

উপাধান स—तकिया।

উপানৎ सं—জুতা जूता, पादुका।

উপান্ত (-अ) सं—উপকণ্ঠ निकट, समीप ; किनारा, प्रान्त।

উপায় सं—उपाय, तरकीब, युक्ति, साधन, प्रतिकार, उपार्जन, आमदनी, आय (কত টাকা—কর ?)। —ক্ষম वि—जीविका कमानेमें समर्थ।

উপায়ন स—भेंट, उपहार।

উপায়ান্তর स—दूसरा उपाय।

উপার্জক वि, सं—कमानेवाला।

উপার্জনক্ষম वि=উপায়ক্ষম।

উপিয়া যাওয়া क्रि—भाप हो कर उड़ जाना।

উপুড়, উবুড় वि—औंधा, पट, उलटा। —হস্ত (-अ) वि—दाता, उदार, सखी।

উপু হইয়া বসা क्रि—घुटने उठा कर केवल पैरों पर बैठना।

উপেক্ষা (उपेक्खा) सं—उपेक्षा, अनादर, अवहेलना ; अस्वीकार। উপেক্ষিত (-अ) वि—उपेक्षित, अस्वीकृत।

উপোস (उपोश) स—उपवास। উপোসী वि—उपवासी, भूखा।

উপ্ত (-अ) वि—जो बोया गया है।

উবরান (उबरानो), উবরানো (क्रि परि १८) —शेष बचना।

উবা, ওবা (क्रि परि ६)—हवाकी तरह उड जाना (কর্পূর উবিয়া গিয়াছে)।

উবু, উপু वि —घुटने उठाकर केवल पैरोंके ऊपर बैठा हुआ (—হ'য়ে বসা)।

উবুড়, উপুড় वि—औंधा, उलटा।

উভ (-अ), উভয় सर्व—दोनों। উভচর वि — जल और स्थल दोनोंमें चल सकनेवाला (मेंढक कछुआ आदि)। উভয়ত্র (-अ) क्रि वि—दोनों स्थानोंमें ; दोनों विषयोंमें। উভয়থা क्रि वि—दोनों प्रकारसे। উভয় সংকট सं—दोनों तरफ विपत्ति।

উভরায় क्रि वि—ऊंचे स्वरसे (কাঁদে—)।

উমরা सं =ওমরা।

উমেদার वि, सं—उम्मदेवार ; कार्यप्रार्थी। উমেদারি, (-री) सं—उम्मेदवारी, खुशामद।

উরগ सं—साँप।

উরসিজ (-अ) सं—स्तन, छाती।

উরস্ত্রাণ सं—कवच, सीनाबंद Breast-plate

উরুত, উরত सं—ऊरु, जाँघ।

উর্ণনাভ सं—গাকড়সা मकडी। [जाला।

উর্ণা, উর্ণা सं—पशम, लोम, ऊन ; मकड़ीका

উর্দি सं—वर्दी।

উর্দু सं—उर्दू।

উর্বর वि—उपजाऊ। —মস্তিষ্ক (-अ) वि— उपजाऊ दिमागवाला, कल्पना-प्रवण। — মস্তিষ্ক स—उपजाऊ दिमाग। स्त्री—উর্বরা।

উর্বী सं—पृथ्वी, धरती, भूमि।

উল सं—ऊन, पशम। [स्त्री—উলঙ্গিনী।

উলঙ্গ (-अ) वि—ন্যাংটা, नंगा, खुला, उघाड़ा।

উলট-পালট, ওলট-পালট वि, सं—एक बार उलटा एक बार सीधा, उलट-पुलट।

উল্টা, উল্‌টা (उलटो) वि—उलटा, औंधा, विपरीत (—পথ, —দিক)। —পালটা वि— উলট-পালট उलट-पुलट ; গোলমেলে उलझनदार (তোমার কথাগুলি সবই—)।

উলটান (उल्टानो), উল্টানো, ওল্টান (ओल्टानो) ওল্টানো (क्रि परि १८)—औंधा करना या होना (বাসনটা উলটাইল কে? উলটাইয়া পড়িয়াছে) ; उलटना (ভাজামাছ—, বইয়ের পাতা—)।

উলু सं—हुलू शुभ कार्यमें स्त्रियोंके जिह्वा हिलानेका शब्द ; घर छाने लायक एक घास।

উলুক सं—পেঁচা उल्लू। [घास।

উলুখড় सं—छप्पर छाने योग्य एक लम्बी

উল্কা सं—मशाल ; चिनगारी, उल्का, गिरता हुआ सितारा।

উল্কামুখী स—शृगाल लोमड़ी, ककशा नारी।

উল্কি सं—शरीरमें सूई गड़ाकर रंगसे बनाया हुआ चित्र, गुदना।

উল্টা, উল্টান क्रि=উলটা, উলটান।

উল্লম্ফন सं—कूद, फाँद, कूद कर लांघना।

উল্লসিত (उल्लशित अ) वि—प्रफुल्ल, प्रसन्न, खुश। [किया हुआ।

উল্লিখিত (-अ) वि—ऊपर कथित, उल्लेख

উল্লুক सं—दुम रहित एक बन्दर, बेवकूफ, भोंदू गाली)। [रूक्ष, रूखा।

উস্ক-খুস্ক (-अ) वि—न सँवारा हुआ (वाल),

উষ্ট্র (-अ) स—ऊँट ऊंट।

উষ্ণ (उष्ण-अ) वि—गरम, गुनगुना, चरपरा, तीखा (मिर्चा), क्रोधी, चिड़चिड़ा।

উষ্মা (उश्शा) स — गर्मी ; क्रोध।

উসকান (उश्कानो), উসকানো, ওসকান (ओश्कानो), ওসকানো (क्रि परि १८)— उसकाना, बत्ती बढ़ा कर दीयेकी रोशनी तेज करना।

উসখুস (उसखुस्), উস্‌খুস্‌ सं—अधीरताका भाव (—করা)।　　[—দেওয়া)।

উসুল (उसुल) वि, सं—वसूल ; जमा (খাতার

উস্কখুস্ক (उस्कखुस्क-अ) वि—अस्तव्यस्त (केश)।

উহা सर्व—वह (वस्तु या छोटा जीव)। —কে सर्व- उसे। —দিগকে सर्व—उनलोगोंको। —দিগের, —দের सर्व- उन लोगोंका।

উহার सर्व—তাহার उसका।

উহারা सर्व—তাহারা वे (लोग)।

উঁহাকে सर्व—(सम्मानित) उनको (एक वचनमें)।

উঁহাদিগকে सर्व—(सम्मानित) उनलोगोंको।

উঁহাদিগের, উঁহাদের सर्व—उनलोगोंका।

উঁহারা सर्व—(सम्मानित) वे।

উঃ अव्य—कष्ट-सूचक शब्द।

উঁহু अव्य—ना नहीं, अस्वीकार-सूचक शब्द।

উহ্য (उह्य-अ) वि—अनुक्त, जिसका उल्लेख नहीं किया गया है understood

ঊ

ঊন (-अ) वि—न्यून, एक कम।

ঊনচত্বারিংশ (-अ) वि—उनतालीसवाँ।

ঊনচত্বারিংশৎ सं, वि—ঊনচল্লিশ उनतालीस, ३९।

ঊনত্রিংশ (-अ) वि—उनतीसवाँ।

ঊনত্রিংশৎ स, वि—ঊনত্রিশ उनतीस, २९।

ঊননবতি सं, वि—ঊননব্বই नवासी, ८९। —তম वि—नवासीवाँ।

ঊনপঞ্চাশৎ सं, वि—उनचास, ४९।

ঊনপঞ্চাশত্তম वि—उनचासवाँ।

ঊনবিংশতি सं, वि—ঊনিশ उनीस, १९। —তম वि—उनीसवाँ।　　[वि—उनसठवाँ।

ঊনষষ্টি सं, वि—ঊনষাট उनसठ, ५९। —তম

ঊনসপ্ততি सं, वि—ঊনসত্তর उनहत्तर, ६९। —তম वि—उनहत्तरवाँ।　　[फोड़ा।

ঊরু सं—जांघ। —স্তম্ভ (-अ) सं—जांघमें

ঊর্ণনাভ=ঊর্ণনাভ। ঊর্ণা=ঊর্ণা।

ঊর্দ্ধ, ঊর্ধ্ব क्रि वि—ऊपर (—গামী, —মুখ, শ্বাস—)। —তন वि—উপরিতন ऊपरका, उच्च पदका ; पहलेका (—পুরুষ)। —শ্বাস स—जल्दी जाने या अधिक परिश्रम करने से लम्बी सांस (—শ্বাসে দৌড়াইতে লা)।

ঊর্বর वि=উর্বর। ঊষর वि- ऊसर।

ঊর্মি सं—ঢেউ लहर, तरंग ; गति, दुख।

ঊহ্য (उल्ह्य-अ) वि=উহ্য।

ঋ

ঋক্থ (-अ) स—धन, सम्पत्ति ; स्वर्ण।

ঋক্ষ (ऋक्ख-अ) स—भालू। —মণ্ডল सं—सप्तर्षि मण्डल (नक्षत्र)।

ঋগ্বেদ (ऋग्वेद) सं—ऋग्वेद। ঋগ্বেদী वि—ऋग्वेदज्ञ। सं—ऋग्वेदीय ब्राह्मण।

ঋজু वि—सीधा ; निष्कपट ; सहज।

ঋণ स—ऋण, कर्ज ; उधार ; देना। ঋণী वि—ऋणी, देनदार, कर्जदार ; एहसानमंद, कृतज्ञ।

ঋত (-अ) सं—सत्य। वि—नित्य।

ঋষভ सं—सांड़। वि—श्रेष्ठ।

এ

এ सर्व—यह आदमी (এ কে হে?) ; यह (चीज, काम या जीव) (এ কি?)। এও—यह भी। स्त्री—सधवा।

এই सर्व—यह, सामनेवाला (—কাজ, —ব্যক্তি, —ঘর) ; निकृष्ट व्यक्तिको बुलानेका शब्द

(এই, শুনে যা), अभी (—দিচ্ছি), भय या आश्चर्य सूचक शब्द (এই রে ! গলুম, এই যে এসে পড়েছেন !)।

এক (ऐक्) वि, सं—एक, १ ; कोई (—দিন যাব), पूरा, भरा (—পেট, —ছালা গম)।

একক वि—अकेला, सिर्फ। सं—इकाई।

এককালীন वि—एक बारका ; एकसाथ, एकमुश्त।

একখানা, (-খানি) वि—एक (खण्ड) (केवल वस्तुके लिए ही इन शब्दोंका प्रयोग होता है जैसे—একখানি বই, একখানা থালা ; খানি सुन्दरता या प्रियता प्रकट करता है)।

একগাল वि—मुँह-भर। स—ग्रास, कवर (—খাও, —হাসি, ऊँची हँसी, ठहाका)।

একগুঁয়ে वि—जिद्दी, हठी।

একঘরে वि—अपनी समाजसे बहिष्कृत, जातिच्युत। [monotonous

একঘেয়ে वि—लगातार एकरस होनेसे अरुचिकर

একচল্লিশ वि, सं—एकतालीस, ४१।

একচালা स—एक ही छप्परका घर।

একচেটিয়া, (-চেটে) वि-सिर्फ एक ही आदमीके अधीन (—ব্যবসা, monopoly)

একচোখো वि—पक्षपाती, तरफदार ; एक आँखवाला।

একচোট वि—खूब (—মার, —গালাগালি)।

একছুটে क्रि वि—एक दौड़में ; सिर्फ एक कपड़ा पहन कर।

একজন सं—कोई एक व्यक्ति (—লোক দেখা করিতে চায়, তিনি—বিদ্বান লোক)।

একতাই क्रि वि—बार बार।

একজোট वि—एकमत, एकराय, एकसाथ।

একজ্বরী वि—अविराम ज्वर ; लगातार ज्वर भोग करने वाला।

একটা (ऐकूटा) वि—(तुच्छार्थ में) एक (—ছোঁড়া, एक लौंडा, —ঘটি, एक लोटा, —টাকা) ; कोई (—কাজ আছে, যা হয় —কিছু কর)। [निरन्तर, लगातार।

একটানা वि—सीधा। क्रि वि—अविराम,

একটি (-টী) वि—(प्रियार्थमें) एक (—সুন্দর বাটি ; —কবিতা)। [एवजमें काम।

একটিন वि—एवजी acting. একটিনি सं—

একটু वि—थोड़ा, जरासा (—চিনি ; —খাও ; —অপেক্ষা কর)।

একটুক, একটুকু वि—जरा सा।

একতম वि—अनेकोंमें एक।

একতর वि—दोमें एक।

একতর (ऐकतरो) वि—एक तरहका, एक निराले ढंग का (ঐ—লোক)।

একতরফা (ऐकूतरफा) वि—एकतरफा।

একতা (एकता) सं—एका, ऐक्य, मेल।

একতান (एकतान) वि—एक-स्वर, एक-सुर, एकाग्र। [एकतुम्बी।

একতারা (ऐकूतारा) स—एक तार वाला बाजा,

একতালা (ऐकूताला) वि—एक-मंजिला (—বাড়ী) ; संगीतका एक ताल जिसमें बारह मात्रायें होती हैं। [मिलित।

একত্র (एकत्र-अ) वि—एक स्थानमें समवेत,

একত্রিংশ (एकत्रिंश-अ) सं, वि—एकतीस, ३१। वि—एकतीसवाँ।

একত্রিশ (एकत्रिश) सं, वि—एकतीस, ३१।

একত্রিশে स—सौर मासकी एकतीसवीं तारीख (को)।

একত্ব (एकत्त-अ) सं—अभिन्नता, एकत्व।

একদম (ऐकूदम्) क्रि वि—एकदम, बिलकुल (—বোকা, —পারে না)। [जमानेमें।

একদা (एकदा) क्रि वि—किसी समय, किसी

একদৃষ্টি (ऐकूद्दृष्टि) वि—एक तरफ दृष्टि वाला।

একদৃষ্টে (ऐकूद्दृष्टे) क्रि वि—इकटक।

একদেশ (एकदेश) स—एक अंश, एक स्थान। —দর্শী वि—सिर्फ एक ही तरफ देखने वाला, पक्षपाती, तरफदार।

একনাগাড়ে (एकनागाड़े) क्रि वि—लगातार।

একপঞ্চাশ (एकपञ्चाश) स, वि—एकावन, ५१।

একপত্নী (एकपत्नी) वि—दूसरा विवाह न करने वाला। —ব্রত (-अ) सं—दूसरा विवाह न करनेका व्रत धारण करने वाला।

একপাটা (एकपाटा) स—ओढ़नेकी चादर।

একপাটি (एकपाटी) वि—जोड़ेमें का एक (—জুতা)। [हटा हुआ; झुका हुआ।

একপেশে (एकपेशे) वि—एक बगल हटाया या

একবস্ত্রে (एकवस्त्रे) क्रि वि—एक वस्त्रमें।

একবাক্যে (एकवाक्ये) क्रि वि—एक वाक्यमें एक स्वरसे, सर्वसम्मतिसे।

একবারে (एकवारे) क्रि वि—एक वारमें।

একমত (एकमत) वि—एकमत एकराय।

একমনে (एकमने) क्रि वि—एकाग्र हो कर, एक चित्तसे।

একমাত্র (एकमात्र-अ) क्रि वि—सिर्फ एक।

একমেটে (एकमेटे) वि—एक वार मिट्टीका लेप दिया हुआ (मूर्ति आदि), अधुरा, असम्पूर्ण।

একজোট (एकजोट) वि—एकत्रित, मिलित।

একরতি (एकरति) सं—एक रत्तीका परिमाण। वि—थोड़ा, जरा सा। [छोटी (—মেয়ে)।

একরত্তি (एकरत्ति) वि—बहुत छोटा, नन्हा,

একরার (एकरार) स इकरार, स्वीकार।

একরোখা (एकरोखा) वि—हठी, जिद्दी, क्रोधी; एकरुख।

একলা (एकला) वि—अकेला।

একশা (एकशा) वि—मिलित, मिश्रित, मिलाजुला; एक-सा, समान।

একশিরা (एकशिरा) सं—एकशिरा रोग, एक कोष बढ़ जानेको बीमारी।

একশেষ (एकशेष) वि—अत्यन्त (অপমানের—)।

একষট্টি (एकषट्टि) सं, वि—एकसठ, ६१।

একহাঁটু (एकहाँटु) वि—घुटने तक (—জল, —কাদা)। [(দূর—পিটিয়ে দিলে)।

একহাত (एकहात) वि—एकहाथ आड़हाथ

একহারা (एकहारा) वि—इकहरा; दुबला-पतला (—চেহারা)।

একা (एका) वि—একক अकेला, सिर्फ।

একাকার (एकाकार) वि—समान, एकमें मिश्रित, मिलाजुला (এঁটো পিঠে সব—হয়)।

একাকী (एकाकी) वि—अकेला। क्रि वि—एकान्तमें (—বসিয়া কি ভাবিতেছ?)। स्त्री—একাকিনী।

একাত্তর (ऐकात्तर) सं, वि—एकहत्तर, ७१।

একাদিক্রমে (एकादिक्रमे) क्रि वि—पहलेसे, शुरूसे; लगातार (—তিন মাস ভুগিয়াছি)।

একাধারে (एकाधारे) क्रि वि- एक आधारमें; एक वस्तु या व्यक्तिमें।

একানব্বই (एकानब्बइ) स वि—एकानवे, ९१।

একান্তই (एकान्तइ) क्रि वि—यथार्थमें, सचमुच ही (তুমি—যাবে?)।

একান্ন (ऐकान्न-अ) वि, सं—इक्कावन, ५१, एक ही साथ बहुतोंकी रसोई। —বর্তী পরিবার सं—जिस परिवारमें बहुतसे कुटुम्बियोंकी रसोई एकसाथ होती है।

একারণ (एकारन) क्रि वि—इस कारण, इस लिए, अत।

একাশি (ऐकाशी) स, वि—इक्कासी, ८१।

একি अव्य—यह क्या है? यह क्या?

একুনে (एकुने) क्रि वि—একত্রে, মোট कुल।

একুশ (एकुश) सं, वि—इक्कीस, २१।

একুশে (एकुशे) स—सौर मासकी इक्कीस तारीख (को)। [এ কে, यह कौन है?

একে (एके) सर्व—इसे, इसको (—চেনা যায়);

একে (ऐके) क्रि वि—एक तो (—জ্বর তায় গিলে !), एकको (—চায় আর পায়)।
একে একে (ऐके ऐके) क्रि वि—एक एक करके।
একেবারে (ऐकेबारे) क्रि वि—एकदम, बिलकुल (—অকর্ম্মণ্য ; —নিবিয়া গেল), पूर्ण रूपसे (—দান করিলাম)।
একো (एको) वि—अकेला (—গুড)।
এক্কা (एक्का) सं—इक्का (—গাড়ী)।
এক্কেবারে (ऐक्केवारे) क्रि वि—একেবারে एकदम, बिलकुल। [वि—अब, इस समय।
এক্ষণ (एक्खन) सं—यह क्षण। এক্ষণে क्रि
এক্ষুনি (एक्खुनि) क्रि वि—এখনই अभी, इसी समय। [अधिकार।
এখতিয়ার (एख्तियार) सं—इखतियार,
এখন (ऐखन) क्रि वि—अब, इस समय। এখনই, এখনি, এখুনি क्रि वि—अभी, इसी समय। এখনও, এখনো (ऐखनो) क्रि वि—अब भी, इस समय भी, अब तक भी (—তারে চোখে দেখি নি ; —আমলে দেখা হ'ত), इस हालतमें भी (এখনো জাগিয়া ওঠরে সবে এখনো সৌভাগ্য উদয় হবে)। —কার वि—इस समय का (—ছেলেরা প্রায় নাস্তিক)। —কার মত (-अ) क्रि वि—इस समयके लिए (—যাও) ; इस समयके योग्य या उपयोगी (—এই জামা দিয়াই চালাও)।
এখান (एखान) सं—यहाँ, यह स्थान, यह दुनिया। —কার वि—यहाँका, इस स्थान का, इस दुनियाका। এখানে क्रि वि—यहाँ, इस स्थानमें। এখানের वि=এখানকার।
এগজামিন (एग्जामिन) स—परीक्षा, इम्तहान।
এগজিকিউটার (एग्जिक्युटार) स—नाबालिग की सम्पत्तिका प्रबन्धकर्त्ता।
এগন (-नो), এগনো, এগোনো, এগুনো (क्रि परि १०)—अग्रसर होना, आगे बढ़ना (এক পা —দুই পা পিছনো)। এগিয়ে দেওয়া (एगिये देवा) क्रि—आगे बढ़ा देना, उन्नतिमें सहायता देना ; कुछ दूर साथ जाना ; साथ साथ जा कर पहुँचा देना।
এগার (-अ) सं, वि—इग्यारह, ११। —ই सं—सौर मासकी इग्यारहवीं तारीख (को)।
এগুতে (एगुते) क्रि वि—पहले, आगे बढ़नेमें।
এগুলা सर्व—ये सब (तुच्छार्थ में)।
এঁচড় सं=इँचड।
এঁচে নেওয়া क्रि=আঁচা। [कारण।
এজন্য (एजन्य-अ) क्रि वि—इस लिए, इस
এজমালি (एज्मालि) वि—इज्माली, अनेकों के भोग-योग्य (—সম্পত্তি)।
এজাহার सं—इजहार ; गवाही।
এজেন্ট सं—एजंट, प्रतिनिधि agent
এজেন্সী (एजेन्सी) सं—एजंटका काम या दफ्तर।
এঞ্জিন (एञ्जिन) सं—अंजन Engine
এটা, এটি सर्व—यह विषय वस्तु या व्यक्ति (तुच्छार्थमें এটা और प्रियार्थमें এটি)।
এটেল, এঁটেল (-अ) वि=আঠাল।
এঁটো सं=উচ্ছিষ্ট।
এড়ান (-नो), এড়ানো (क्रि परि १०)—बचा जाना, दूर रहना।
এড়িতোলা জুতা स—स्त्रियोंका एड़ी ऊँचा किया हुआ जूता।
এঁড়ে वि—मर्दाना (—বাছুর) ; साँड़की आवाज-सा (—গলা) ; बच्चोंका अजीर्ण रोग।
এড়ো वि—एक ओर झुका हुआ ; चौड़ाईकी ओर।
এত (ऐत-अ) वि—इतना (—কাপড়, —জল, —লোক, —চাই না)। এতটা वि—इतना (परिमाण) (—দুধ, —চিনি)। এতটুকু वि—इतना-सा (अल्पार्थमें) (—তেল)

এতদর্থে ক্রি বি—इस लिए, इसके उद्देश्यसे।
এতাদৃশ (-অ) वि—इस प्रकारका ऐसा।
এতাবৎ वि—इतना, यह सब।
এতে सर्व—ইহাতে इसमें।
এতেক सर्व—इतना, यह शब्द या वाक्य।
এত্তেলা सं—इत्तला, सूचना, खबर।
এদিক सं—यह दिशा; यह पक्ष। এদিকে क्रि वि—इधर, इस ओर।
এদের सर्व—ইহাদের इनलोगोंका या को।
এদ্দিন (ऐद्दिन) सं—इतने दिन।
এন্তার वि—অপার बहुत अधिक। [वस्त्र।
এপ্রন सं—পোষাকের বহিরাবরণ सामनेका
এপ্রিল सं—अप्रेल April [किया हुआ।
এফোঁড়-ওফোঁড় वि—इधरसे उधर तक छिद्र
এবং अव्य—ও और (साधारणतया दो शब्दोंके बीचमें ও और दो वाक्यों या वाक्यांशोंके बीचमें এবং इस्तेमाल होता है)।
এবড়ো খেবড়ো (एबड़ो खेबड़ो) वि—खुरदरा, ऊँचानीचा।
এবার (एबार) क्रि वि—अबकी बार; अब।
এবারৎ सं—लेख, इबारत, मुहावरा।
এবে (एबे) (पद्यमें) क्रि वि—अब, इस समय।
এমত वि—এমন ऐसा।
এমন (ऐमन) वि—ऐसा, इस प्रकारका। এমনই, এমনি (एमूनि) क्रि वि—ठीक इसी प्रकार। এমনিতর (-अ) वि—ऐसा, इसी प्रकारका।
এযাবৎ (एजावत्) क्रि वि—अब तक।
এয়ো सं—सधवा, सौभाग्यवती। এয়োতি सं—सधवाका लक्षण या चिह्न। এয়োতী सं—सधवा।
এরণ্ড (-अ) सं—ভেরেণ্ডা रेंड़ी।
এরা सर्व—ইহারা ये लोग।
এরারুট सं—পালো अरारूट।
এর सर्व—इसीका, इतने ही (में) (—মধ্যে)।
এরূপ वि—এইরূপ ऐसा। এরূপে क्रि वि—ऐसे।
এরে सव—ইহারে, ইহাকে इसको।
এরোপ্লেন सं—हवाई जहाज।
এলাকা सं—इलाका, दखल, अधिकार; सीमा, सम्बन्ध, लाग।
এলাচি, এলাইচ, এলাচ सं—इलाइची (ছোট—, বড়—)। —দানা सं—चीनीका इलाइची दाना।
এলান (-नो), এলানো (क्रि परि १०)—আলুলায়িত করা स्त्रियोंका केश खोल कर बिखेर देना; लेटना या अधिक क्लान्तिसे शरीर ढीला पड़ जाना (এলিয়ে পড়েছে)। वि—আলুলায়িত, এলো (केश) खुला, बिखेरा हुआ, फैला हुआ।
এলাহি, এলাহী (एलाही) वि—इलाही, महान, विशाल (—কাণ্ডকারখানা, बड़ी सभा या बड़े ज्योनार आदिका प्रबन्ध देख कर ऐसा कहा जाता है)।
এলুমিনিয়ম सं=অ্যালুমিনিয়ম।
এলেম सं—इल्म, विद्या ज्ञान। क्रि—আসিলাম (मैं) आया (या आयी) या (हम) आये (या आयी)।
এলো वि—এলানো, আলুলায়িত (केश) खुला, मुक्त (—চুল, —খোঁপা); असम्बद्ध (—কথা); अनियत, विशृंखल (—হাওয়া)। क्रि—আসিল (वह) आया (या आयी) या (वे) आये (या आयीं)। —পাতাড়ি क्रि वि—जहाँ तहाँ (—লাঠির বাড়ি)। —মেলো वि—असम्बद्ध, विशृंखल; खुला।
এস (एशो) क्रि—আইস आओ।
এসপার ওসপার (एस्पार ओस्पार) क्रि वि—इस पार या उस पार, मरूँगा या मारूँगा। स—सफलता या विफलता; अन्तिम निर्णय।

এসিটিলিন सं=অ্যাসিটিলিন।

এসিড सं=অ্যাসিড।

এস্তেহার सं—इश्तहार, विज्ञापन।

এহেতু क्रि वि—इस हेतु, इस कारण।

এহেন (-अ) वि—হেন, এরূপ ऐसा।

ঐ

ঐ (अइ) सर्व—वह, सामनेवाला (—দেখ)। वि—पहले कथित, ऊपरोक्त, पूर्व-लिखित।

ঐকতান (अइकतान्) सं—एकतानमें बजनेवाले बाजोंकी ध्वनि।

ঐকবাক্য (आइकवाक्य-अ) सं—एकवाक्यता, ऐकमत्य, एकराय।

ঐকমত্য (अइकमत्य-अ) सं—मतकी एकता।

ঐকাগ্র্য (अइकाग्र-अ) सं—एकाग्रता।

ঐকান্তিক (अइकान्तिक) वि—अत्यन्त, दृढ़।

ঐকাহিক (अइ-) वि—प्रतिदिनका, रोजाना।

ঐক্য (अइक्य-अ) सं—एका, एकता, मेल।

ঐচ্ছিক (अइ-) वि—स्वेच्छासे गृहीत, वैकल्पिक optional

ঐছন (अइछन्) वि—वैसा, उस प्रकारका।

ঐতিহ্য (अइतिज्झ-अ) सं—কিংবদন্তী प्रवाद, कहावत।　[जादूगर सम्बन्धी।

ঐন্দ্রজালিক (अइ-) सं—जादूगर। वि—

ঐরাবত (अइरावत्) स—इन्द्रका हाथी।

ঐশ (अइश -अ) वि—ईश्वरीय, ईश्वरका। स्त्री—ঐশী।

ঐশ্বরিক (अइश्शरिक) वि—ईश्वर-सम्बन्धी।

ঐশ্বর্য্য (अइश्शर्ज्य-अ) स—विभव, सम्पत्ति, दौलत, योग-साधनासे प्राप्त (कल्पित आठ अलौकिक शक्तियाँ—अणिमा, लघिमा, व्याप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, वशित्व, कामावसायिता)। —বান, —শালী, —সম্পন্ন (-अ), ঐশ্বর্য্যান্বিত (-अ) वि—दौलतमन्द।

ঐহিক (अइहिक) वि—इस लोकका, इस दुनियाका।

ও

ও सर्व—वह (आदमी)। अव्य—এবং और (রাম ও শ্যাম); भी (রামও যাইবে, इस अर्थमें शब्दके साथ मिला कर ও लिखा जाता है); स्मरण या विस्मय सूचक अव्यय (ও। এবার মনে পড়েছে; ও কি আশ্চর্য্য!)।

ওআড়, ওয়াড় स—गिलाफ, तकियेकी खोली।

ওই सर्व—वह, सामनेवाला। अव्य—खेद या भय सूचक शब्द (—বা! —রে!)।

ওঃ अव्य—ओह, उफ।　[स—ओं-ध्वनि।

ওঁ सं—ओंकार, प्रणव। ওঁকার, ওংকার, ওঙ্কার

ওকালতনামা सं—वकालतनामा।

ওকালতি सं—वकालत। ওকালতী वि—वकालत-सम्बन्धी।

ওকে सव—उसे, उसको।

ওঁকে सर्व—उनको (आदरार्थक एकवचन)।

ওক্ত (ओक्त्) स—वक्त, समय (পাঁচ—নমাজ)।

ওখড়ান, ওখড়ানো क्रि=উখড়ান।

ওখান स—वह स्थान। —কার वि—वहाँका, उस स्थानका (—সব মঙ্গল ত?)। ওখানে क्रि वि—ঐখানে उस जगह, वहाँ (সে দিন তার—গিয়াছিলাম)।

ওগরা (ओगरा) स—एकसाथ सिझाया हुआ चावल और दाल (रोगीका पथ्य)।

ওগরান, ওগরানো क्रि=উগরান।

ওগো अव्य—प्रिय जन या नीचे दर्जेके व्यक्तिके लिए सम्बोधन।

ওচান, ওচানো क्रि=উচান।

ওছা, ওঁছা वि—तुच्छ; गन्दा, घृणा-योग्य।

ওজঃ स —তেজ शक्ति, वल , प्रकाश ।
ওজন स —तौल, वजन , गुरुत्व ; परिमाण ।
ওজর सं —उज्र, बहाना, आपत्ति ।
ওজুহাত स =ওজুহাত ।
ওটকান, টেকানো क्रि=উটকান ।
ওঠা क्रि=উঠা । ওঠান क्रि=উঠান ।
ওড়না (ओड़ना) सं —ओढ़ना ।
ওড়া क्रि=উড়া । ওড়ান, ওড়ানো क्रि=উড়ান ।
ওড়িয়া सं =উড়িয়া ।
ওত, ওৎ सं —घात (—পাতা, घातमें बैठना) ।
ওতপ্রোত (-अ) वि—व्याप्त ।
ওতরান, ওতরানো क्रि=উতরান ।
ওথলান, ওথলানো क्रि=উথলান ।
ওদন सं —भात, अन्न ।
ওদিক सं —वह दिशा, उधरका पक्ष (—টাও দেখ) । ওদিকে क्रि वि—उधर ।
ওদের, ওঁদের=উহাদের, উঁহাদিগের ।
ওপড়ান, ওপড়ানো क्रि=উপড়ান ।
ওপর स =উপর । —ওলা वि—ऊपरवाला , ईश्वर । ওপরে क्रि वि =উপরে ।
ওম্ सं =ওঁ । [अमीर ।
ওমরা, ওমরাহ (ओमराह) सं —उमराह,
ওমা अव्य मताका सम्बोधन ; आश्चर्य सूचक शब्द (—দিডামটা মরে গেল !) [उबकाई ।
ওয়াক (वाक) सं—कै करनेका शब्द ; ओकाई,
ওয়াকিফ वि—वाकिफ, अभिज्ञ, जानकार ।
ওয়াজিব वि - वाजिब, उचित मुनासिब ।
ওয়াড় सं —বালিশের ओहार, गिलाफ (বালিশের—) ।
ওয়াদা सं —वादा, मियाद (কর্জ শোধের—) ।
ওয়ারিশ (वारिश) सं —वारिस । —গান सं —वारिस लोग ।
ওয়ারেন্ট स —वारंट, पकड़नेका हुकुमनामा ।
-ওয়ালা, -ওলা सं —वाला (বাড়ীওয়ালা, পানওয়ালা । स्त्री—ওলী—বাড়ীওলী) ।
ওয়াশিল (वाशिल्) सं —वसूल, अदा, जमा (ওতে আজ ১০০৲—শিলাম) । [রাখি না) ।
ওয়াস্তা सं - वास्ता, अपेक्षा (কাহারো—
ওয়াস্তে क्रि वि—वास्ते, लिए, निमित्त ।
ওর सर्व – उसका ।
ওঁর सर्व—उनका (आदरार्थक एकवचन) ।
ওরফে अव्य—उर्फ बनाम ।
ওরে अव्य—(तुच्छार्थमें सम्बोधन) अरे, अरे ।
ওল सं —सूरन ।
ওলকপি सं —गाँठगोभी, शलगम turnip
ওলট পালট सं =উলট পালট ।
ওলটান, ওলটানো क्रि=উলটান ।
ওলন্দাজ सं —हालंडका निवासी ।
ওলা सं —चीनीका लड्डू । वि—वाला । क्रि –उतरना । —উঠা स —কলের হৈজা ; उतरना-चढ़ना । —বিবি सं —हैजेकी देवी ।
ওলো अव्य—स्त्रीका सम्बोधन (—বউ) ।
ওষধি, (-धी) स —धान केला आदि उद्भिद जो एक बार फल होने पर मर जाते हैं ।
ওষুধ सं —औषधि, दवा ।
ওষ্ঠ (-अ) सं —ঠোঁট होंठ । ওষ্ঠাগত (-अ) वि—होंठ तक आया हुआ (—প্রাণ) ।
ওসকান, ওসকানো सं =উসকান । [चौड़ाई ।
ওসার (ओशार) सं —প্রস্থ, গৃহিণীর अर्ज,-
ওসীয়ৎ स —वसीयत, अन्तिम इच्छा । —নামা सं —इच्छापत्र । [दर्जी ।
ওস্তাগর सं —उस्ताद, प्रधान कारीगर, प्रधान
ওস্তাদ सं —उस्ताद, शिक्षक । वि—निपुण, दक्ष ।
ওস্তাদি, (-दी) स —उस्तादी, करामात ।
ওস্পার क्रि वि—उस पार । [अजी, अबे ।
ওহে अव्य—(समान या नीचे दर्जेका सम्बोधन)
ওহো अव्य—अहो, हाय !

ঔ

ঔচিত্য (अउचित्य -अ) सं—उपयुक्तता ।

ঔজ্জ্বল্য (अउज्ज्वल्य-अ) सं -उज्ज्वलता, चमक ।

ঔৎসুক্য (अउत्सुक्य-अ) सं - उत्सुकता, आग्रह, कौतूहल ।

ঔদরিক (अउदरिक वि—पेट ; पेट-सम्बन्धी ।

ঔদার্য্য (अउदार्य्य-अ) सं—उदारता ।

ঔদাসিন্য (अउदासिन्य अ) सं—उदासीनता, उपेक्षा, लापरवाही ।

ঔদ্ধত্য (अउद्धत्य-अ) सं—धृष्टता, ढिठाई ।

ঔপনিবেশিক (अउपनिवेशिक) वि—उपनिवेश-सम्बन्धी । सं—उपनिवेश-वासी ।

ঔপন্যাসিক (अउपन्याशिक) सं—उपन्यास-कार । वि—उपन्यास-सम्बन्धी ।

ঔপাধিক (अउपाधिक) वि—उपाधि सम्बन्धी ; केवल नाम मात्रका ; कल्पित ; अनावश्यक ।

ঔরস (अउरश) वि—वीर्य्यजात अपने वीर्यसे उत्पन्न (—পুত্র) ।

ঔর্দ্ধদেহিক, (-র্ধ্ব-) (अउर्धदइहिक) वि—मृत्युके बाद अनुष्ठित (—ক্রিয়া, शवदाह श्राद्ध आदि) ।

ঔষধ (अउषध) सं—औषधि, दवा । ঔষধালয় स—दवाखाना । ঔষধি, (-धी) सं—जड़ी-बूटी, दवा । ঔষধীয় (-अ) वि—औषधि-सम्बन्धी ।

ক

ক वि—कय, कत कितना, कितने (ক দিন ? ক টাকা ?) ।

-ক, -কো प्र—निषेधार्थक शब्दमें जोर देनेके लिए प्रत्यय (নাহিক, যেও নাকো) ।

কই क्रि वि—कहाँ (—তিনি ? সে দিন তুমি এলে— ?) । —মাছ सं—एक काँटेदार काली मछली ।

কইয়ে वि—কহিয়ে ।

কইলা, কইলে सं—कपिला दुधिया , क्रि—(तुमने) कहा (কেন কথা— ?) ।

কইসর सं—कैसर सम्राट ।

কএক, কয়েক वि—कुछ, कई एक । [কহান ।

কওয়া क्रि—কহা । কওয়ান, কওয়ানো क्रि—

কংকর सं=कङ्कर । কংকাল सं—কঙ্কাল ।

কংগ্রেস सं—कांग्रेस, जातीय महासभा ।

কংস स—काँसा, कसकूट ; मथुराका राजा कंस । —কার सं—ठठेरा । —বণিক स—कसकूटका बर्तन बेचने वाला, कसेरा ।

ককান (-नो), ককানো (क्रि परि १०)—बच्चों का रोना ; कराहना (কেঁদে ককিয়ে অস্থির করে তুল্লো) ।

কক্ষ (कक्ख-अ) स—कमरा, कोठरी , काँख, बगल , ग्रह-नक्षत्रका भ्रमणमार्ग , कछौटा, लाँग ; सूखी घास ; कमर । —পুট स—बगल ।

কক্ষনো (कक्खनो) क्रि वि—কখনই कभी ।

কক্ষা (कक्खा) स—ग्रह-नक्षत्रका भ्रमण-मार्ग ; पेटी, घेरा , परिधि ; दीवार ; स्पर्धा, प्रतियोगिता । —ন্তর सं—दूसरा कमरा, खास कमरा ।

ক খ स—বর্ণমালা वर्णमाला , प्राथमिक ज्ञान (তুমি চিত্রবিদ্যার কখও জান না) ।

কখন क्रि वि—कब, किस समय ; बहुत पहले (সেই—তোমায় বলেছি) । কখনই क्रि वि—कदापि, कभी । কখন (कखनो), কখনও, কখনো क्रि वि—कभी, किसी हालतमें । কখনও কখনও, কখনো কখনো क्रि वि- कभी कभी ।

কঙ্কর सं—काँकड़ ककड़ ।

কঙ্কাল सं—ठठरी, ढाँचा, शरीरकी हड्डियाँ। —সার वि—बहुत दुबला-पतला, ठठरी मात्र।

কচকচ सं—काटनेका शब्द (—করিয়া কাটা); चबानेका शब्द, बड़बड़ाहट।

কচকচি सं—झगड़ा, वाद-विवाद; चचराहट।

কচমচ सं =কচকচ।

কচলান (কচলানো, কচলাল (क्रि परि १६) —मल मल कर धोना, जलमें रगड़ना।

কচি वि—एकदम कच्चा, नया (—পাতা); छोटा (—শিশু)।

কচু सं—अरुई, अरवी। কচু, —পোড়া स—कुछ भी नहीं (अवज्ञार्थमें) (তুমি করবে— या —পোড়া)।

কচুরি, কচুড়ী सं—कचौड़ी। —পানা सं—जलके ऊपर तैरनेवाला एक नीले फूलका पौधा, जलकुम्भी।

কচ্ছপ सं—काछिम कछुआ।

কচ্ছু सं—পাঁচড়া खुजली; चर्मरोग-जनक विष।

কজ্জল स—अंजन, काजल; स्याही।

কঞ্চি (कञ्चि) स—बाँसकी टहनी।

কঞ্চুক (कञ्चुक) सं—साँपका छोड़ा हुआ सूखा चमड़ा, केंचुली; कवच, चोली।

কট सं—कड़ी चीजके काटनेका शब्द (—করে কাটা या কামড়ানো); (छोटा होने पर কুট, बड़ा होने पर কটোর और बार बार होने पर কুটকুট या কটকট)।

কটক स—सेना, राजधानी; पहिया; शिविर।

কটকট सं—दर्द, टीस (দাঁত—করে)।

কটকটানি सं—तेज दर्द, दुपदपाहट (দাঁতের—)।

কটমট सं—कठोरता या क्रोधका लक्षण प्रकट करने वाला भाव (—করে চাওয়া या তাকানো)।

কটা वि—भूरा; गोरा (अवज्ञार्थमें)।

কটাক্ষ (কটাক্ষ-অ) स—तिरछी चितवन; व्यंगपूर्ण आक्षेप।

কটাহ सं—কড়াই कड़ाही।

কটি, (-টী) स—কোমর कमर।

কটু वि—कड़ुआ; कठोर, कड़ा।

কটূক্তি सं—कटु वचन, गाली, अप्रिय बात।

